Daily
लोकसभा चुनाव - 2024
सच के हक में...
THE PHOTON NEWS
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Wednesday, 08 May 2024 ● Year : 02 ● Issue : 109 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

SHARE

सेंसेक्स	:	73,511.85
निफ्टी	:	22,302.50

SARAFA

सोना	:	6,795
चांदी	:	88.05

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की बेल पर नहीं दिया फैसला

NEW DELHI : दिल्ली शराब नीति मामले में मंगलवार को अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर फैसला सुनाए बिना सुप्रीम कोर्ट की बेंच उठ गई। सुबह साढ़े 10 बजे सुनवाई शुरू होने के बाद लंच से पहले तक कोर्ट ने जमानत की शर्तें तय कर ली थीं। हालांकि तब ईडी ने कहा कि केजरीवाल के वकील को 3 दिन सुना गया। हमें भी पर्याप्त समय दिया जाए। अदालत ने जमानत का विरोध कर रही ईडी से कहा कि चुनाव चल रहे हैं और केजरीवाल मौजूदा मुख्यमंत्री हैं। चुनाव 5 साल में सिर्फ एक बार आते हैं। अदालत ने केजरीवाल से कहा कि हम आपको जमानत दे देते हैं तो आप ऑफिशियल ड्यूटी नहीं करेंगे। हम नहीं चाहते कि आप सरकार में दखलअंदाजी करें। अगर चुनाव नहीं होते तो अंतरिम जमानत का सवाल ही नहीं उठता था। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा- हम किसी फाइल पर साइन नहीं करेंगे। शर्त है कि एलजी किसी भी काम को इस आधार पर ना रोकें कि फाइल पर साइन नहीं है। ऐसा कुछ नहीं बोलूंगा, जो नुकसान पहुंचाने वाला हो।

पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति बने व्लादिमीर पुतिन

NEW DELHI : व्लादिमीर पुतिन 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं। मॉस्को के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में पुतिन ने 33 शब्दों में शपथ ली। यह वही जगह है, जहां रूस के जार परिवार के 3 राजाओं (एलेक्जेंडर 2, एलेक्जेंडर 3 और निकोलस 2) की ताजपोशी हुई थी। शपथ के बाद पुतिन ने कहा, रहम और मजबूत होंगे। हम उन देशों के साथ अपने रिश्ते मजबूत करेंगे जो हमें दुश्मन समझते हैं। मैं जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए हरसंभव कोशिश करूंगा।

स्पेसक्राफ्ट में बैठ चुकी थीं सुनीता, टल गया मिशन

NEW DELHI : भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ले जाने वाला बोइंग का स्टारलाइनर मिशन टल गया। इसे यूएलए के एटलस वी रॉकेट से आज सुबह 8:04 बजे फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से लॉन्च किया जाना था। रॉकेट के ऑक्सीजन रिलीफ वॉल्व में आई समस्या के कारण मिशन टला है। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर स्पेसक्राफ्ट में सवार हो चुके थे, लेकिन इंजीनियर्स को चेक के दौरान रॉकेट की सेकेंड स्टेज में ऑक्सीजन रिलीफ वॉल्व में समस्या मिली। ऐसे में टीम ने मिशन को लॉन्च से 2 घंटे 1 मिनट पहले टालने का फैसला लिया। बोइंग ने बताया कि डेटा एनालिसिस करने के बाद अब अगला लॉन्च 10 मई को हो सकता है।

लोकसभा चुनाव 2024 : 10 राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर हुआ मतदान

थर्ड फेज में 64 प्रतिशत हुई वोटिंग

AGENCY NEW DELHI : मंगलवार को 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 लोकसभा सीटों पर वोटिंग शाम छह बजे खत्म हो गई। शाम 7 बजे तक चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 64.08% लोगों ने वोट डाले। असम में सबसे ज्यादा 75%, सबसे कम महाराष्ट्र में 53% लोगों ने मतदान किया। इससे पहले शाम पांच बजे तक 63.77% वोटिंग हुई थी। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 73.93% और सबसे कम महाराष्ट्र में 53.40% वोटिंग हुई थी। वहीं दोपहर तीन बजे तक 53.60% वोटिंग हुई थी। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 63.11% वोटिंग हुई और सबसे कम महाराष्ट्र में 42.63% लोगों ने वोट डाले थे। बिहार में वोटिंग के दौरान पीठासीन अधिकारी और होमगार्ड जवान की मौत हो गई है।

मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कतारबद्ध मतदाता।

पश्चिम बंगाल में भाजपा-तृणमूल समर्थकों में झड़प

पश्चिम बंगाल में मंगलवार को मुर्शिदाबाद के जंगीपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार धनंजय घोष की तृणमूल कांग्रेस समर्थकों के साथ झड़प हो गई। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के दौरान धनंजय घोष ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष ने उन्हें धमकी दी। उन्होंने कहा, मैं भाजपा उम्मीदवार के रूप में बूथ का दौरा कर रहा था और तृणमूल कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष ने मुझे धमकी दे दी। अगर किसी उम्मीदवार को इस तरह से खुलेआम धमकी दी जाती है, तो राज्य में आम लोगों की स्थिति की कल्पना की जा सकती है। हम इस घटना की शिकायत चुनाव आयोग से करेंगे।

अहमदाबाद में मोदी ने किया मतदान यहां से चुनावी मैदान में हैं अमित शाह

AGENCY AHMEDABAD : मंगलवार को सुबह में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद के राणीप स्थित निशाल स्कूल में मतदान किया। इसके बाद मीडिया से बातचीत में लोकतंत्र के पर्व को उत्सव के रूप में मनाने की अपील की। उन्होंने गर्मी में भागदौड़ कर रहे मीडिया के साथियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने दो चरणों की चुनाव प्रक्रिया के शांतिपूर्ण होने, हिंसा की घटना नगण्य होने पर चुनाव आयोग समेत, सुरक्षा बल और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी प्रशासनिक अधिकारियों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस गर्मी में आप लोग दिन-रात दौड़ कर रहे हैं। आप अपने स्वास्थ्य की भी चिंता कीजिए। चुनाव के दिनों में पत्रकार साथियों को दिन-रात दौड़ना पड़ता है। मीडिया में कंपटिशन भी इतना है कि आपको समय से आगे दौड़ना पड़ता है। मैं तो यही प्रार्थना करूंगा आप सब पुराने साथियों को कि अपने स्वास्थ्य का जरूर ध्यान रखें। मैं हमेशा कहता हूं कि पानी बहुत पीना चाहिए। जितना ज्यादा पानी पीएंगे स्वास्थ्य के लिए भी ठीक रहेगा और एनर्जी भी मेंटेन रहती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे अहमदाबाद के राणीप में रेगुलर मतदाता हैं और यहां वे आकर मतदान करते हैं। अमित भाई यहां से भाजपा के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।

मतदान के लिए बूथ पर जाते प्रधानमंत्री मोदी व साथ में अमित शाह।

गुमला में गरजे कांग्रेस नेता, हर ग्रेजुएट के खाते में सालाना जाएगा एक लाख

सुरक्षित करेंगे युवाओं का भविष्य : राहुल

PHOTON NEWS GUMLA : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को चाईबासा के बाद गुमला जिले के बसिया के कोनबीर एनएचपीसी मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए लोहरदगा से कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत के लिए वोट मांगे। साथ ही केंद्र में सरकार बनने पर नौकरी का अधिकार देने, ग्रेजुएट के खाते में हर साल एक लाख रुपये डालने और बेहतर काम करने वालों की नौकरी पक्की करने का वादा किया। राहुल गांधी ने कहा कि यदि उनकी सरकार बनती है तो वे युवाओं के लिए ऐसी योजना लाएंगे कि उनकी पहली नौकरी पक्की मिलेगी। ये नौकरी देश के अच्छे प्राइवेट संस्थानों में दी जाएगी। साथ ही कहा कि वे सेना से अग्निवीर योजना को खत्म करेंगे और सबके लिए एक जैसी नौकरी होगी। उन्होंने किसानों, आदिवासियों, महिलाओं और युवाओं के उत्थान की बात कही। साथ ही कहा कि जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों का पहला अधिकार है लेकिन भाजपा आपको वनवासी कहती है।

संबंधित खबर पेज 04 पर भी।

गुमला में चुनावी जनसभा को संबोधित करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

सेना से खत्म करेंगे अग्निवीर सिस्टम

राहुल गांधी ने कहा कि नोटबंदी, गलत जीएसटी और अग्निवीर सिस्टम से युवाओं का हक मारा गया है। हम सेना से अग्निवीर सिस्टम को खत्म करेंगे। अमीर परिवार के बच्चे जॉब मार्केट में जाने से पहले एक साल की नौकरी करते हैं। इसके बाद अच्छा काम करने पर उनकी नौकरी कंपनियों में पक्की हो जाती है। इससे सबक लेते हुए हम हर वर्ग के ग्रेजुएट युवाओं को पहली नौकरी का अधिकार देंगे।

सरकार बनी तो सरना कोड कर देंगे लागू

राहुल गांधी ने कहा कि आपको निर्णय लेना है कि अडानी और मोदी की सरकार बनानी है या किसान, गरीब, दलित, पिछड़ों की। उन्होंने कहा कि उनके परिवार का आदिवासी समाज के साथ गहरा जुड़ाव रहा है। इंदिरा गांधी हमेशा आदिवासी समाज की चिंता करती थीं। हमारी सरकार बनी तो सरना कोड लागू कर देंगे। साथ ही कहा कि दिल्ली में मैं आपका सैनिक हूं। आप मुझे बताओ। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा आदिवासियों की भाषा-संस्कृति को कुचलना चाहती है जबकि कांग्रेस उनकी उनका संरक्षण करना चाहती है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में भी कई खामियां हैं।

2014 से हो रही है झूठ की खेती : मुख्यमंत्री

GUMLA : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा है कि 2014 से पूरे देश में झूठ की खेती हो रही है। बीजेपी ने झारखंड में सबसे ज्यादा शासन किया, लेकिन झारखंड को अलग दिशा में ले गए। सीएम मंगलवार को बसिया में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछड़ेपन की जिम्मेदार बीजेपी है। रोजगार और आदिवासी मूलवासी कल्याण की बात नहीं करते। 10 साल से केवल जुमलेबाजी हो रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुये कहा कि पांच साल में मिला एक मौका नहीं गंवाना है। उन्हें सत्ता से बेदखल करना है। वे झारखंड के किसानों का हित नहीं सोचते। मुट्ठी भर पूंजीपति के लिए सरकार है। पीएम मोदी ने कभी नहीं सोचा कि आदिवासी अस्मिता कैसे बचेगी। परंपरा कैसे बचेगी। शिक्षा की व्यवस्था नहीं की। केवल जुमला ही इनका कार्य है। सीएम ने कहा कि यह चुनाव देश के लिए निर्णायक है। हम सब इंडिया गठबंधन के हैं। देश में तानाशाही है। लोकतंत्र को बचाना है।

पीएम मोदी ने विरोधियों पर साधा निशाना

विपक्ष तीसरे चरण में हो जाएगा अस्त : प्रधानमंत्री

AGENCY KHARGONE : मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के खरगोन और धार्मिक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। एक बार फिर कांग्रेस पर धर्म के नाम पर आरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कर्नाटक का उदाहरण देकर कांग्रेस और 'इंडी' अलायंस को घेरा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर की पीठ में छुरा घोंपा है। संविधान की पीठ में छुरा घोंपा है। उन्होंने कहा कि मुझे 400 सीटें चाहिए, ताकि मैं श 'इंडी' वालों की हर साजिश को रोक सकूं। मोदी ने जोर देकर कहा कि 4 जून को अब एक महीना भी नहीं बचा है। पहले चरण में विपक्ष पस्त पड़ गया था। दूसरे चरण में विपक्ष ध्वस्त हो गया था। आज तीसरे चरण के बाद जो इधर, उधर के टिमटमाते तारे दिखाते हैं, वो भी अस्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि जब तक मोदी जिंदा है।

एमपी में बोले मोदी

- कांग्रेस ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और भारतीय संविधान की पीठ में घोंपा छुरा
- मुझे 400 सीटें चाहिए, ताकि मैं 'इंडी' वालों की हर साजिश को रोक सकूं

रेडवानी इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी

जवानों ने मुठभेड़ में 3 आतंकियों को किया ढेर

AGENCY SRINAGAR : जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ चल रही थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को ढेर कर दिया है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। मामले को लेकर एक अधिकारी की ओर से जो जानकारी दी गई है कि कुलगाम के रेडवानी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली। इसके बाद सुरक्षा बलों ने सोमवार देर रात इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। बाद में मुठभेड़ में शुरू हो गई। इससे पहले मीडिया में खबर थी कि शीर्ष लश्कर कमांडर बासित अहमद डार को सुरक्षाबलों ने घेर लिया है।

बंगाल में 25000 शिक्षकों की नियुक्तियां रद्द करने पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

NEW DELHI : पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में ममता सरकार को राहत मिल गई। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 25000 शिक्षकों की भर्ती रद्द करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। कोर्ट ने सीबीआई को केस की जांच जारी रखने का आदेश भी दिया। जांच एजेंसी से कहा कि इस दौरान कर्मचारी-उम्मीदवारों पर कोई एक्शन न ले। इससे पहले सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से कहा कि जांच एजेंसी से कहा कि इस दौरान कर्मचारी-उम्मीदवारों पर कोई एक्शन न ले। इससे पहले सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से कहा कि यह व्यवस्थागत धोखाधड़ी (सिस्टमैटिक फ्रॉड) है।

रांची में प्रवर्तन निदेशालय ने फिर की कार्रवाई, सात ठिकानों पर छापा

ठेकेदार के घर ईडी की रेड, डेढ़ करोड़ कैश जब्त

CRIME REPORTER RANCHI : लोकसभा चुनाव के बीच झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ताबड़तोड़ छापेमारी चल रही है। मंगलवार को डोरंडा इलाके में रहने वाले कॉन्ट्रैक्टर राजीव कुमार सिंह के ठिकाने पर भी रेड पड़ी। जिन ठिकानों पर छापेमारी चली, वह सिंह मोड़ के पास रहने वाले एक बिल्डर के साथ-साथ रांची के रातू और आईटीआई बस स्टैंड के पास रहने वाले दो बिल्डरों के यहां है। इसके अतिरिक्त कई दूसरे जगहों पर भी छापेमारी चली। छापेमारी में ईडी ने ठेकेदार राजीव कुमार सिंह से डेढ़ करोड़ रुपए बरामद किए गए। बताया जा रहा है कि कैश हेराफेरी में उसके जरिए 10 करोड़ से ज्यादा की रकम उड़ाई गई थी। ईडी ने सुबह पांच बजे ही रेड मारी थी। इस छापेमारी के दायरे में बिल्डर और कॉन्ट्रैक्टर आए हैं।

कॉन्ट्रैक्टर राजीव कुमार सिंह के ठिकाने से बरामद रुपये।

संजीव व जहांगीर से छह दिनों तक पूछताछ करेगी जांच एजेंसी

ईडी ने ग्रामीण विकास मंत्री के पीएस संजीव लाल और जहांगीर आलम को गिरफ्तार करने के बाद मंगलवार को अदालत से 10 दिनों की रिमांड मांगी लेकिन अदालत ने दोनों को छह दिनों की रिमांड दी है। ईडी के अधिकारी बुधवार से दोनों से छह दिनों तक पूछताछ करेंगे। इस दौरान कई राज खुलेंगे। ईडी ने कोर्ट में दिए गए रिमांड पिटीशन में कहा है कि अब तक की जांच में यह जानकारी सामने आई है कि सोमवार को बरामद हुआ सारा पैसा टेंडर घोटाले का है।

न्यू रिसर्च वैज्ञानिक शोध में उस काल के 'ब्रह्मास्त्र' की सच्चाई आई सामने

महाभारत में न्यूक्लियर बम के इस्तेमाल का मिला संकेत

PHOTON RESEARCH DESK : आधुनिक युग के प्रख्यात शायर साहिर लुधियानवी ने अपनी एक नज्म में लिखा था कि जंग किसी मसले का हल नहीं हो सकती, क्योंकि जंग तो खुद एक मसला है। द्वितीय विश्व युद्ध में परमाणु बम के इस्तेमाल के बाद सामने आई त्रासदी के बाद ही साहिर ने ऐसा महसूस किया था। जंग वाकई इंसानियत की दुश्मन है, लेकिन पुराने समय से लेकर आज तक जंग होती आई है। अभी भी हो रही है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के साथ इजरायल और फिलीस्तीन के बीच युद्ध को भी आज हम देख रहे हैं। इसके नतीजे से पूरी दुनिया चिंतित है, क्योंकि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने परमाणु बम के इस्तेमाल की धमकी देकर पूरी दुनिया को सकते में डाल दिया है। इन बातों के साथ हमारा वास्तव में उद्देश्य आपको वर्तमान से अतीत की ओर ले जाना है। हाल में ही विज्ञान के रिसर्च की दुनिया से यह महत्वपूर्ण खबर सामने आई है कि भारत की धरती पर हुए महाभारत में न्यूक्लियर बम यानी परमाणु बम का इस्तेमाल हुआ था।

परमाणु बम के आविष्कारक ओपेनहाइमर ने गीता और महाभारत का गहराई से किया था अध्ययन

परमाणु शक्ति।

ब्रह्मास्त्र शक्ति।

आविष्कारक ने किया था खुलासा

जूलियस रॉबर्ट ओपेनहाइमर ने परमाणु बम का आविष्कार किया था। उन्होंने इस बात खुलासा किया है कि महाभारत काल में परमाणु बम जैसे विनाशकारी हथियारों का इस्तेमाल किया जा चुका है।

महाभारत काल में मची थी तबाही

पुणे के एक डॉक्टर व लेखक पद्माकर विष्णु वर्तक ने भी अपने शोध में माना है कि महाभारत काल में इस्तेमाल किया गया ब्रह्मास्त्र परमाणु बम के समान ही था। डॉ. वर्तक ने अपनी किताब 'स्वयंभू', में इस बात का जिक्र किया है। रामायण और महाभारत काल में ब्रह्मास्त्र को सबसे खतरनाक हथियार माना जाता था। उस काल में कई योद्धाओं के पास ब्रह्मास्त्र थे। बताया जाता है कि जो व्यक्ति ब्रह्मास्त्र का इस्तेमाल करता था, उसके पास क्षमता होती थी कि वह इसे वापस भी ले सकता था। लेकिन, द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा को ब्रह्मास्त्र कैसे वापस लेना है, यह तरीका याद नहीं था। इसकी वजह से ब्रह्मास्त्र के छूटने के बाद भयानक तबाही मची थी।

6 अगस्त 1945 को किया गया था पहले परमाणु बम का इस्तेमाल

इतिहास गवाह है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सबसे पहले परमाणु बम का इस्तेमाल किया था। अमेरिका ने 6 अगस्त 1945 को जापान के हिरोशिमा शहर पर परमाणु बम गिराया गया था। इसके तीन दिन बाद 9 अगस्त 1945 को नागासाकी पर परमाणु बम से हमला किया था। इस परमाणु हमले के तुरंत बाद द्वितीय विश्व युद्ध खत्म हो गया। जापान ने मित्र राष्ट्रों के सामने समर्पण कर दिया था। अब नए रिसर्च में बताया जा रहा है कि महाभारत काल में भी 'परमाणु बम' का इस्तेमाल किया गया था। वैज्ञानिकों को इस बात का सबूत हासिल हुआ है।

गिरिडीह में आईआरबी जवानों से भरी बस पलटी एक की चली गई जान

GIRIDIH : मंगलवार को गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत झरी पुल के समीप आईआरबी जवानों से भरी बस के पलटने से एक जवान की मौत हो गई जबकि 12 से अधिक घायल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल जवानों को बगोदर के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, जहां से गंभीर रूप से जख्मी चार जवानों को धनबाद से दिल्ली के लिए एयर लिफ्ट किया गया। बताया गया कि गिरिडीह से इंडियन रिर्जव बटालियन के जवानों को लेकर सात बसें चुनाव की ड्यूटी कराने अलग-अलग जिलों में जा रही थी। हर बस में 40 के करीब जवान बैठे थे। गिरिडीह से गढ़वा जा रही एक बस का चालक काफी तेज गति से वाहन चला रहा था। नतीजन बस झरी पुल के समीप असंतुलित होकर पलट गई, जिसमें लोहरदगा के रहने वाले एक जवान विकास भगत की मौत मौके पर हो गई और 12 से अधिक जख्मी हो गए।

दो दिनों में छह डिग्री तक गिर सकता है पारा

बारिश की हल्की फुहारों से मौसम हो गया सुहाना

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में मौसम का मिजाज बदल गया है। गर्मी का पारा डाउन हो गया। राजधानी में बारिश की हल्की फुहारों से मौसम सुहाना हो गया है। वहीं राजनीति का पारा हाई हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार 13 मई तक बारिश होगी। आंधी चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका भी है। इसका प्रभाव राज्य के कई जिलों में देखने को मिलेगा। इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले 3 दिनों में इसमें कोई बदलाव की उम्मीद नहीं है।

8 और 9 मई को भी मध्यम दर्जे की होगी बारिश : मौसम केंद्र के अनुसार 8 और 9 मई को कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यतम दर्जे की बारिश हो सकती है। राज्य में कुछ स्थानों पर 10 और 11 मई तक बारिश होगी। राज्य में कहीं-कहीं 12 मई को बारिश होगी। राज्य में कुछ स्थानों पर 13 मई को बारिश होगी।

इंजीनियरिंग में बेस्ट आप्शंस

स्टूडेंट्स के बीच इंजीनियरिंग हमेशा से हॉट सब्जेक्ट रहा है, क्योंकि बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग के बाद करियर के कई ऑप्शंस खुल जाते हैं। कोर्स कंप्लीट करने के बाद इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस, पीएसयू, प्राइवेट सेक्टर में शानदार जॉब हासिल कर सकते हैं। अगर आप इंजीनियरिंग में एडमिशन लेने जा रहे हैं, तो जानें यहां आपके लिए क्या बेस्ट ऑप्शंस हैं..

एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग

एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए 12वीं में साइंस सब्जेक्ट यानी फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स/ बायोलॉजी जैसे सब्जेक्ट होने चाहिए। अधिकतर एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट और यूनिवर्सिटी एग्रीकल्चर इंजीनियर के बीई/बीटेक प्रोग्राम्स में एडमिशन के लिए एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन करती है। इस कोर्स की अवधि चार वर्ष की होती है। इसमें डिप्लोमा कोर्स भी किया जा सकता है। कुछ संस्थानों में एडमिशन बारहवीं के अंक के आधार पर भी होता है। आज इस फील्ड में अवसर भी कम नहीं है। स्किल्ड प्रोफेशनल्स प्रोडक्शन, सेल्स, मैनेजमेंट, रिसर्च आदि फील्ड में जॉब की तलाश कर सकते हैं।

एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग

12वीं साइंस (मैथ्स) के स्टूडेंट्स बीई/बीटेक एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं या एयरोनॉटिक्स में डिप्लोमा भी कर सकते हैं। विभिन्न कॉलेजों और आईआईटीज में एयरोनॉटिक्स में डिग्री और पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री कोर्स उपलब्ध है। कई पॉलिटेक्निक्स द्वारा एविएशन में डिप्लोमा कोर्स कराए जाते हैं। देश में कुछ संस्थान एविएशन में पोस्ट ग्रेजुएट (एमटेक) और डॉक्टोरल प्रोग्राम (पीएचडी) भी कराते हैं। एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग का बीई/ बीटेक कोर्स चार साल का होता है, जबकि डिप्लोमा कोर्स की अवधि दो-तीन साल होती है। एयरोनॉटिकल इंजीनियर गवर्नमेंट और प्राइवेट एयरलाइंस में जॉब की तलाश कर सकते हैं। इसके अलावा, नेशनल एयरोनॉटिकल लैब, एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन, इसरो आदि में भी जॉब पा सकते हैं।

ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग

इन दिनों ऑटोमोबाइल इंजीनियर्स की डिमांड काफी बढ़ गई है। आप आईआईटी (गुवाहाटी) से बीटेक इन डिजाइनिंग (चार वर्षीय) का कोर्स कर सकते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआईडी) अहमदाबाद, इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में चार वर्षीय प्रोग्राम ऑफर करती है। इन सभी कोर्स में 12वीं (पीसीएम) के बाद जेईई मेन्स और एडवांस क्वालिफाई करके एडमिशन लिया जा सकता है। आईआईटी, दिल्ली से इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में मास्टर डिग्री (दो वर्षीय) हासिल कर सकते हैं। आईआईटी, कानपुर भी इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में दो वर्षीय मास्टर डिग्री कोर्स कराती है। इसके अलावा, इंडस्ट्रियल डिजाइन सेंटर, आईआईटी-मुंबई से इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में मास्टर डिग्री (दो वर्षीय) प्राप्त कर सकते हैं।

जेनेटिक इंजीनियरिंग

इस कोर्स में एंट्री के लिए 12वीं बायोलॉजी, केमिस्ट्री और मैथ्स से पास होना जरूरी है। इस समय अधिकतर यूनिवर्सिटी और इंस्टीट्यूट में जेनेटिक इंजीनियरिंग के लिए अलग से कोर्स ऑफर नहीं किया जाता है, लेकिन इसकी पढ़ाई बायोटेक्नोजी, माइक्रोबायोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री में सहायक विषय के रूप में होती है। बायोटेक्नोलॉजी के अडंर ग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट में जेनेटिक इंजीनियरिंग में स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। गेजुएट कोर्स, बीई/बीटेक में एंट्री प्रवेश परीक्षा के आधार पर होती है। जेनेटिक इंजीनियर के लिए भारत के साथ-साथ विदेश में भी जॉब के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। मेडिकल और फार्मास्युटिकल कंपनी, एग्रीकल्चर सेक्टर, प्राइवेट और गवर्नमेंट रिसर्च और डेवलपमेंट सेंटर में जॉब हासिल कर सकते हैं। टीचिंग को भी करियर ऑप्शन के रूप में आजमाया जा सकता है।

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग

इलेक्ट्रिकल इंजीनियर बनने के लिए स्टूडेंट को जेईई या फिर स्टेट लेवल पर आयोजित होने वाले इंजीनियरिंग एग्जाम को क्वालिफाई करना जरूरी है। 12वीं साइंस के स्टूडेंट्स इस कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। इसके लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ होना चाहिए। मौजूदा समय में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है। इंडस्ट्रीज मैन्युफैक्चरिंग, टेलीविजन, कंप्यूटर, माइक्रोवेब्स से संबंधित इंडस्ट्रीज में इसकी खूब मांग है। इसके अलावा, एटमी प्लांट्स, हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट्स, थर्मल पावर आदि के डिजाइन और डेवलपमेंट इलेक्ट्रिक इंजीनियर की अहम भूमिका होती है।

फायर इंजीनियरिंग

फायर इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन के लिए साइंस सब्जेक्ट्स से बारहवीं पास होना जरूरी है। इसके अलावा, इन कोर्सेज में प्रवेश के लिए कई संस्थान नेशनल लेवर पर एंट्रेंस एग्जाम और साक्षात्कार आदि भी आयोजित करते हैं। फायर इंजीनियरिंग से रिलेटेड सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं। कोर्स के दौरान आग बुझाने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी जाती है। इन कोर्सेज में फिजिकल फिटनेस के मार्क्स भी जोड़े जाते हैं। दिल्ली कॉलेज ऑफ फायर ऐंड सेफ्टी इंजीनियरिंग के डायरेक्टर जेड एस लाकड़ा के मुताबिक, फायर इंजीनियरिंग से जुड़े प्रोफेशनल्स के लिए गवर्नमेंट और पब्लिक सेक्टर में काफी संभावनाएं हैं। इस फील्ड में जुड़े प्रोफेशनल्स रेलवे, एयरफोर्ट ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया, डिफेंस फोर्स, इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, ओएनजीसी, माइंस, रिफाइनरिज, पेट्रोकेमिकल्स कॉम्प्लेक्स आदि में जॉब की तलाश कर सकते हैं।

कंप्यूटर साइंस

कंप्यूटर साइंस में करियर बनाने के लिए मैथ्स और साइंस (फिजिक्स, केमेस्ट्री) में अच्छी पकड़ होनी चाहिए। इस ब्रांच में बीई या बीटेक करने के बाद पोस्टग्रेजुएशन यानी एमई/एमटेक किया जा सकता है। कंप्यूटर इंजीनियर्स के लिए देश-विदेश दोनों जगहों पर अच्छी संभावनाएं हैं। ये सॉफ्टवेयर्स को डिजाइन, डेवलप और मेंटेन करते हैं। इस फील्ड से जुड़े लोगों को सॉफ्टवेयर कंपनीज और आईटी कंपनियों में जॉब मिलती है। कंप्यूटर इंजीनियर अपनी टीम के साथ मिलकर मैथ और साइंस का प्रयोग करके कंप्यूटर को डिजाइन और डेवलप करते हैं। आमतौर पर कंप्यूटर के पुजरें के साथ काम करने वाले प्रोफेशनल्स को हार्डवेयर इंजीनियर कहा जाता है और जो कंप्यूटर के प्रोग्राम्स के साथ काम करते हैं, उन्हें सॉफ्टवेयर इंजीनियर कहा जाता है।

पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

इन दिनों पेट्रोलियम इंजीनियर्स की काफी डिमांड है। अन्य इंजीनियरिंग ब्रांच की ही तरह पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए स्टूडेंट्स का 12वीं साइंस (फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स) से पास होना जरूरी है। इस कोर्स में एडमिशन के लिए जेईई पास करना जरूरी है। कोर्स कंप्लीट करने के बाद इंडियन ऑयल, ऑयल इंडिया लिमिटेड, एचपीसीएल, ओएनजीसी, बीपी आदि में जॉब की तलाश की जा सकती है।

माइनिंग इंजीनियरिंग

माइनिंग इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन के लिए मैथ, फिजिक्स और केमिस्ट्री से 12वीं पास होना जरूरी है। माइनिंग इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए जेईई जैसे एंट्रेंस एग्जाम को पास करना जरूरी है। कोर्स कंप्लीट करने के बाद स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड, आईपीसीएल, नेवली लिग्नाइट कॉरपोरेशन, यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, आदि में जॉब की संभावनाएं तलाश सकते हैं। इसके अलावा, रिसर्च और टीचिंग में भी काफी स्कोप है।

हॉबी भी बन सकती है कमाई का साधन

यदि आपकी भी कोई हॉबी है, तो वह आपको अच्छा रिटर्न भी दे सकती है। जरूरत है कि आप अपनी हॉबी को अपना पैशन बना लें, तभी तो वह आपको लाभ देगी। पैशन को निवेश में बदलने की शुरूआत करने पर उससे संबंधित कुछ बातों को जानना जरूरी है, तभी तो आप उसकी सही कीमत पा सकती हैं और अपनी कड़ी मेहनत से जुटाई संग्रहणीय वस्तुओं को भी सुरक्षित रख सकती हैं।

कलैक्शन के लिए जुनून

कलैक्शन की ललक किसी में बचपन या बुढ़ापे से ले कर कभी भी पैदा हो सकती है। कला, पेंटिंग, स्कल्पचर, स्टांप, सिक्के और नोट सरीखी वस्तुओं का कलैक्शन लंबे समय में आपको अच्छी रिटर्न दे सकता है।

शुरूआत के लिए

यदि आप कुछ संग्रह करना शुरू करने वाली हैं, तो बेहतर है कि आप आम कलैक्शन के साथ शुरूआत करें। उदाहरण के लिए यदि आप स्टांप इकट्ठी करने वाली हैं, तो जितनी ज्यादा संभव हो, उतनी स्टांप इकट्ठी करें और जब कुछ समय के बाद आपके पास स्टांप का अच्छा-खासा कलैक्शन हो जाए, तो आप किसी खास देश की खास स्टांप पर भी फोकस कर सकती हैं। इससे मिलने वाली खुशी एक संकलनकर्ता का प्रोत्साहन होती है, न कि उसके संकलन की मार्केट वैल्यू उसके लिए मायने रखती है।

अभिभावकों की भूमिका

अगर किसी बच्चे में कलैक्शन की हॉबी है तो अभिभावक और शिक्षकों को उसे प्रोत्साहित करना चाहिए। अभिभावकों में अपने बच्चे के टैलेंट को पहचानने की क्षमता होनी चाहिए। प्रत्येक माता-पिता का दायित्व है कि वे अपने बच्चे की कलैक्शन की आदत को पैशन बनाने में उसे प्रोत्साहन दें। वे अपने बच्चे का परिचय ऐसी विभिन्न सोसायटियों से करा सकते हैं, जहां पर पुराने और बड़े संकलनकर्ता दूसरों को प्रोत्साहित करने के लिए मीटिंग और सैमीनार आयोजित करते हैं। ये सोसायटियां किसी संकलनकर्ता के संकलन की जानकारी को लोगों से सांझा करने और उनके संकलन को विस्तृत बनाने के लिए जानकारियां देने में मददगार होती हैं।

विशिष्ट कलैक्टरों की जमात में शामिल होने के लिए संकलनकर्ता को अपने संकलन के विषय की गहन जानकारी होनी चाहिए। उसके लिए अपने विषय के अन्य संकलनकर्ताओं और उनके संकलन के स्तर के बारे में जानना भी बेहद जरूरी है, सो इसके लिए आप प्रदर्शनियों में जाएं तथा नैट पर सर्च करती रहें।

उपलब्धता भी रखती है मायने

आप जिस चीज का संकलन करने जा रहे हैं, उसकी उपलब्धता का स्तर जानना बेहद महत्वपूर्ण है। यह भी समझें कि विशिष्ट संकलनकर्ताओं के पास संजोई गई चीजें आसानी से नहीं मिलतीं।

डीलर की पहचान जरूरी

स्टांप, स्कल्पचर और सिक्के बेचने वाले डीलरों से कोई चीज खरीदने से पहले आप अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें कि वास्तव में वह वस्तु अपने दाम के अनुरूप है या नहीं। एंटीक वस्तुएं खरीदते समय प्रत्येक आइटम का गहनता से परीक्षण करना होगा। इसकी भी जांच कर लें कि वह चीज अच्छी स्थिति में हो और किसी अधिकृत संस्था द्वारा प्रमाणित हो। एंटीक वस्तुएं खरीदते समय इस बात का भी ध्यान रखें कि कहीं आप धोखाधड़ी का शिकार तो नहीं हो रहे हैं, क्योंकि बहुत सी नई चीजों को पुराना रूप देकर एंटीक बता दिया जाता है।

संग्रहणीय वस्तुओं की सुरक्षा

एक संकलनकर्ता को अपनी संग्रहणीय वस्तुओं की गुणवत्ता के साथ किसी हाल में समझौता नहीं करना चाहिए। उन्हें अपने संग्रहण की स्थिति की समय-समय पर जांच करनी चाहिए। ऐसी चीजों को इकट्ठा करने से बचना चाहिए, जो सही स्थिति में न हों, हालांकि पुराने इस्तेमाल हो चुके स्टांप इसके अपवाद हो सकते हैं। संकलनकर्ता आम तौर पर अपनी कलैक्शन को लेकर बेहद पोजैसिव होता है। अपनी कलैक्शन को लोगों के हाथ में देकर दिखाने की अपेक्षा दूर से दिखाना बेहतर तरीका है। सिक्कों के संग्रहणकर्ताओं को अपने सिक्के साफ पानी से धोने चाहिएं। ऐसे रसायनों से बचना चाहिए जिनसे सिक्कों की वास्तविक चमक कम हो जाती हो।

संकलनकर्ताओं को अपने संकलनको दुर्लभ, अति दुर्लभ जैसी श्रेणियों में वर्गीकृत कर उनका कैटालॉग बनवा कर उनके विषय में लोगों को जानकारी देनी चाहिए।

संकलन का बाजार

संकलनकर्ताओं को देखना चाहिए कि उनके संकलन के लिए आसान खरीद और बिक्री का बाजार हो। संकलित वस्तुओं को किसी मान्यता प्राप्त अथॉरिटी से प्रमाणपत्र मिला होना चाहिए। संग्राहक के पास अपने संकलन को बेहतर स्थिति में सुरक्षित रखने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर भी होना चाहिए।

पैशन को दें दिशा

अपने पैशन को यूं ही मत जाने दें। आपका यह पैशन आपको किसी बड़े निवेश की ओर ले जा सकता है। अगर आपको सिक्के इकट्ठे करने का शौक है तो आप सिक्कों का एक बड़ा कलैक्शन कर इन्हें बेच कर अच्छी-खासी कमाई कर सकते हैं अर्थात आपकी हॉबी भी पूरी होगी और पैसा कमाने की चाहत भी। पेंटिंग, स्कल्पचर, स्टांप तथा दुनिया के तमाम देशों की करंसी इकट्ठा करने की आपकी हॉबी आपको धनवान बना सकती है।

आफिस और आपका व्यवहार

ऑफिस में कभी काम को कल पर टाल कर, तो कभी काम ज्यादा होने पर छुट्टी ले लेना जैसी आदतें पुरुषों में ही नहीं, बल्कि महिला कर्मचारियों में भी पाई जाती हैं। उन्हें तो शायद यह महसूस भी नहीं होता कि उनकी यह आदत धीरे-धीरे उनकी ही परफार्मैंस पर भारी पड़ते हुए उन्हें बॉस की नजरों में गैर-जिम्मेदार ठहराती जा रही है।

महिलाएं अक्सर दूसरों के सामने यह राग अलापती हैं कि वे तो मजे की नौकरी कर रही हैं। ऐसी बातें जब बॉस के कानों में पहुंचती हैं, तो वह निल-परफार्मैंस के साथ सहज ही आपकी तुलना कर लेता है। यही कारण है कि जब प्रमोशन की बात आती है तो कई बार आपके जूनियर बाजी मार जाते हैं। ऐसी कई गलतियां हैं, जिनकी आदी हो चुकीं महिला कर्मचारी इन्हें अपनी आदत बना लेती हैं। यदि आप में भी कोई ऐसा अवगुण है तो उसे समय रहते ही सुधार लेना आवश्यक है।

अपनी गलती दूसरों के सिर न मढ़ें

अपनी गलती को छिपाने वाले तथा बॉस की नजरों में अच्छी इमेज साबित करने वाले लोग हर जगह होते हैं। ऐसे लोग अपनी गलती दूसरे के सिर मढ़ कर बच निकलना चाहते हैं, परंतु अपनी इस आदत के कारण दूसरों की परेशानी की वजह बन जाते हैं। यदि आप में भी यह आदत है तो इसे सुधार लेना ही बेहतर है। हो सकता है कि आरंभ में अपनी गलती मानते हुए आपको शर्मिंदगी महसूस हो, लेकिन यकीन मानें कि उसे छिपाने में आपको कहीं ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है। अपने किसी कुलीग के सिर गलती मढने की कोशिश हर बार कामयाब नहीं हो सकती और गलती साबित हो जाने पर वह स्थिति अधिक कष्टदायक हो सकती है।

रोज की बहानेबाजी तौबा-तौबा

कई बार आप सुबह उठती हैं और काम पर जाने का मन नहीं हो रहा या बच्चों ने घूमने की फरमाइश कर दी तो तुरंत फोन कर बॉस से पेट दर्द, सिरदर्द या किसी और बीमारी का बहाना बना कर आप लीव ले लेती हैं। छुट्टी लेना तो आपका अधिकार है और उस समय आप अभिनय में कलाकारों को भी मात दे देती हैं। कुछ दिन की छुट्टी चाहिए तो मैडीकल सर्टीफिकेट देकर लंबी छुट्टी ले ली परंतु ऐसी बहानेबाजी आपके दूसरे कुलीग्स का वर्क प्रैशर बढ़ा देती है। कभी यह सोचा है कि आपकी इस आदत के चलते आप अपने सहयोगियों का ही नहीं, बल्कि अपने बॉस का भी विश्वास खोने लगती हैं, क्योंकि वह आपको जिम्मेदारी का काम या ओहदा देने से कतराने लगते हैं।

व्यवहार हो संतुलित

किसी ने आपके काम पर उंगली उठाई या फिर आपको क्रिटीसाइज किया तो आप अपने गुस्से पर काबू नहीं रख पातीं और गुस्से में लाल-पीली होकर सामने वाले पर बरस उठती हैं या फिर आप सामने वाले की कही गलत बातों को भी चुपचाप सुन स्वयं में ही सिमटे हुए वहां से उठ कर चल देती हैं। प्रोफैशनल नजरिए से देखा जाए तो दोनों तरह के व्यवहार सही नहीं हैं, क्योंकि तुरंत रिएक्ट करने से आप सबकी नजरों में एग्रैसिव साबित होते हैं तो चुपचाप हर किसी की नाराजगी झेलने से आप सॉफ्ट टार्गेट बन जाते हैं। इसलिए बेहतर है कि व्यवहार को संतुलित रखें क्योंकि दोनों ही स्थितियों में आप अपना सही पक्ष नहीं रख सकतीं। इसलिए बेहतर है कि भीतर का आक्रोश थम जाने पर ही सामने वाले से बात करें। इससे आप जहां सही ढंग से अपना पक्ष रख सकेंगी, वहीं आपकी एनर्जी बेकार की बातों में वेस्ट नहीं होगी और काम पर भी उसका नैगेटिव असर नहीं पड़ेगा।

पर्सनल काम करें अवॉयड

ऑफिस के फोन से पर्सनल कॉल करना, ई-मेल पर चैट करना, प्रिंट पर पर्सनल डॉक्यूमैंट्स के प्रिंट लेना या फिर घरेलू कामों को निपटाना जैसे काम एक दिन बॉस के नोटिस में आ ही जाते हैं। ये सब आपकी कार्यक्षमता पर सवालिया निशान भी लगाते हैं। इसलिए बेहतर है कि इस प्रकार के पर्सनल कामों को अवॉयड किया जाए।

शालीन पहनावा

जब बात ऑफिस में प्रोफैशनल बिहेवियर की चल रही हो तो सही ड्रैसिंग भी उसी में आती है। यदि ऑफिस में कोई ड्रैस कोड नहीं है तो आपकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, इसलिए ऑफिस में हमेशा ग्रेसफुल पोशाक ही पहनें, क्योंकि इसी से आपके सहयोगी आपके बारे में अपनी राय कायम करते हैं।

BRIEF NEWS

मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार

RANCHI : भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मनोज कुमार वर्तमान में पर्यटन सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उमाशंकर सिंह ओडिशा में चुनाव प्रेक्षक के रूप में पांच मई को ही चले गये हैं। ऐसे में उनके स्थान पर मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

सातवें चरण में राज्य की तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी

RANCHI : निर्वाचन आयोग ने सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। सातवें चरण का मतदान एक जून को होगा। इसमें झारखंड की तीन लोकसभा सीटों राजमहल (अजजा), दुमका (अजजा) और गोड्डा में चुनाव होगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। नामांकन की अंतिम तारीख 14 मई, नामांकन की समीक्षा 15 मई और नाम वापसी की समय सीमा 17 मई रखी गयी है।

रांची पुलिस ने टीपीसी उग्रवादियों के खिलाफ चलाया अभियान

RANCHI : बुढ़मू थाना क्षेत्र में टीपीसी उग्रवादियों के खिलाफ मंगलवार को अभियान चलाया गया। एसएसपी चंदन सिन्हा को बुढ़मू इलाके में टीपीसी उग्रवादियों के जमावड़े की सूचना मिली थी। जिसके बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस की भनक लगते ही उग्रवादी जंगल में भागने लगे। पुलिस टीम ने दूर तक इनका पीछा किया गया, लेकिन उग्रवादी घने जंगल और पहाड़ का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस टीम ने सर्च के दौरान उग्रवादियों द्वारा प्रयुक्त एक लूटा हुआ अपाची मोटरसाइकिल बरामद किया।

बरियातू पेट्रोल पंप से हिल व्यू चौक तक हटाया गया अतिक्रमण, 6 ठेले जब्त

RANCHI : नगर प्रशासक के आदेशानुसार, रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों को जाम मुक्त व अतिक्रमण मुक्त करने के लिए लगातार अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को रांची नगर निगम ने अतिक्रमण मुक्त अभियान बरियातू पेट्रोल पंप से हिल व्यू चौक होते हुए बूटी मोड़ तक दंडाधिकारी व पुलिस बल की उपस्थिति में चलाया। इस दौरान अवैध रूप से लगाए गए अस्थायी दुकानों को जेसीबी से हटाया गया। साथ ही सामान जब्त किया गया तथा नो वेंडिंग जोन में खड़े दुकानों, ठेला-खोमचा, गुमटी और बांस-बल्ली को हटाया गया। वहीं सड़क के किनारे अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करते हुए 6 ठेलो को जब्त किया। बता दें अतिक्रमण मुक्त अभियान के पूर्व सभी दुकानदारों और विक्रेताओं को माइकिंग के माध्यम से खुद अतिक्रमण हटाने का निदेश निगम द्वारा दिया गया था। लेकिन जब दुकानदारों ने दुकान नहीं हटायी तो निगम ने कार्रवाई करते हुए सामान जब्त किया गया।

रांची में नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री पर कोर्ट गंभीर, डीजी सीआईडी से मांगी एटीआर

ड्रग्स के कारोबार की जड़ तक पहुंचना जरूरी मुख्य सूत्रधार पर लेना होगा एक्शन : हाईकोर्ट

- सिर्फ छोटे-छोटे विक्रेताओं को ही पकड़ रही है पुलिस, व्यापार पर नहीं लग पा रही रोक
- एसएसपी को कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का कोर्ट ने दिया था निर्देश
- अब 14 मई को होगी अगली सुनवाई

PHOTON NEWS RANCHI : रांची शहर में ड्रग्स के खरीद-बिक्री को लेकर झारखंड हाई कोर्ट ने मौखिक नाराजगी जताते हुए कहा कि राजधानी रांची में ड्रग्स का कारोबार रुक नहीं रहा है। रांची एसएसपी सहित पुलिस के आला अधिकारी राजधानी में ड्रग्स खरीद बिक्री पर रोक नहीं लग पा रहे हैं। ड्रग्स बिक्री के मुख्य सूत्रधार पर पुलिस को एक्शन लेना चाहिए, ड्रग्स खरीदी बिक्री के जड़ तक पुलिस को पहुंचना होगा। पुलिस केवल छोटे-छोटे ड्रग्स विक्रेताओं को ही पकड़ रही है। ड्रग्स खरीद बिक्री के मुख्य सूत्रधार अभी भी खुले घूम रहे हैं जिस कारण ड्रग्स के कारोबार पर रोक नहीं लग पा रही है।

कोर्ट ने मामले में डीजी सीआईडी को ड्रग्स की खरीद बिक्री पर रोकथाम पर एक्शन रिपोर्ट (एटीआर) प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। साथ ही मामले में झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) के मेंबर सेक्रेट्री को प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि रांची में जिन थाना क्षेत्र में ड्रग्स की खरीद बिक्री अभी भी चल रही है वहां के थाना इंचार्ज ने क्या कार्रवाई की है। इसके अलावे जो पुलिस अधिकारी ड्रग्स की खरीद बिक्री पर रोक लगाने में असफल रहे उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। अपने मामले की अगली सुनवाई 14 मई निर्धारित की है। कोर्ट ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी ड्रग्स की रोकथाम पर राज्य की पुलिस एजेंसी के साथ मिलकर कार्रवाई करने को कहा है।

बता दे की राजधानी रांची में ड्रग्स की खरीद बिक्री को लेकर छपी खबर को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया था। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाले खंडपीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी को ड्रग्स कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। खंडपीठ ने कहा था कि सुखदेव नगर थाना इलाके में जो भी ड्रग्स के कारोबार करने वाले दुकानदार या अन्य लोग शामिल है उन्हें चिन्हित किया जाए और उनकी गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित की जाए। कोर्ट ने राज्य सरकार से नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी पर रिपोर्ट मांगी थी।

कोर्ट ने कहा कि नशे के शिकार युवाओ की जिंदगी बर्बाद हो रही है। नशे का प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। दरअसल, कोर्ट के संज्ञान में यह बात आई कि राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में ड्रग्स जिसमें ब्राउन शुगर, गांजा आदि शामिल है, का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। बीते दिनों 16 मार्च, 19 मार्च, 21 मार्च को सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर, गांजा आदि की बिक्री करने वालों की गिरफ्तारी की गई। इसके अलावा राजधानी रांची के अन्य क्षेत्रों में भी ड्रग्स का यह कारोबार चल रहा है। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले में संज्ञान लिया है।

नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी कांके को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने का मामला

हाईकोर्ट ने गृह विभाग के प्रधान सचिव को किया तलब, आज वर्चुअली उपस्थित होने का दिया निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI : कांके नगड़ी स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने बुधवार को प्रधान सचिव गृह विभाग को कोर्ट में वर्चुअली उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पास पुलिस आउटपोस्ट निर्माण के लिए एक करोड़ 62 लाख रुपया स्वीकृत किया गया है। लॉ यूनिवर्सिटी के खाली जगह पर बाउंड्री वॉल भी बनाया जाएगा।

दरअसल, पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के पुलिस पोस्ट के लिए 30 डिसमिल जमीन सरकार ने मुहैया कराई है, तो उसपर पुलिस पोस्ट का निर्माण क्यों नहीं कराया जा रहा है। उसके बगल में बिजली सब स्टेशन का निर्माण तो कर दिया गया है लेकिन इसे ऑपरेशनल नहीं किया गया है वहां बिजली क्यों नहीं दी जा रही है। वहीं यूनिवर्सिटी के सामने 6 एकड़ जमीन सरकार ने दी है उसपर चारदीवारी बनाई जाएगी या नहीं। बता दे कि बार एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट की ओर से जनहित याचिका दाखिल कर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को आवश्यक सुविधा उपलब्ध करने का आग्रह किया गया है।

जयराम महतो को राहत पीड़क कार्रवाई पर रोक

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा सीट से उम्मीदवार जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने उसके खिलाफ किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने इस केस के अनुसंधानकर्ता को कोर्ट के समक्ष डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त (एजेसी 15) अमित शेखर की कोर्ट में जयराम की याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 21 मई निर्धारित की है।

जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में वर्ष 2022 में दर्ज कांड संख्या 48/ 22में वारंट लिया है। वारंट प्राप्त करने के बाद रांची पुलिस ने जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए दबिश भी दी थी लेकिन वह पुलिस की पकड़ में नहीं आया।

हाईकोर्ट में वकीलों ने खराब पड़े एस्केलेटर पर चढ़ा दी माला

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट के चार एस्केलेटर की खराब स्थिति को देखते हुए मंगलवार को हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने एस्केलेटर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋतु कुमार ने कहा कि 12 जून से हम लोग हाई कोर्ट के नए भवन में आए लेकिन उसके बाद से हाई कोर्ट के चार एस्केलेटर एक साथ कभी चलते नहीं देखे गए। एस्केलेटर के खराब रहने से अधिवक्ताओं एवं हाई कोर्ट आने वाले मुवक्किलों को प्रतिदिन काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि चार में से तीन एस्केलेटर खराब हैं और वह नहीं चल रहे हैं। इस संबंध में हाई कोर्ट प्रबंधन एवं हाईकोर्ट की बिल्डिंग कमेटी को भी जानकारी दी गई थी लेकिन उनकी ओर से कुछ नहीं किया गया। इससे आजिज होकर आज वकीलों ने फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी है। श्रद्धांजलि देने के बाद अधिवक्ताओं ने नीचे वाले एस्केलेटर का प्रयोग बंद कर दिया।

समर्थकों के साथ अनवर ने थामा भाजपा का दामन

मोहम्मद अनवर का पार्टी में स्वागत करते विधायक सीपी सिंह।

PHOTON NEWS RANCHI : रांची में लोकसभा से ठीक पहले सौकड़ो अल्पसंख्यकों ने भाजपा का दामन थामा। मंगलवार को मोहम्मद अनवर अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुआ। मोहम्मद अनवर का स्वागत रांची के विधायक सीपी सिंह ने पट्टा पहना कर किया। अरगोड़ा स्थित संजय सेठ के कार्यालय में सौकड़ो मुस्लिम सहित अन्य समुदायों के लोगों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित हो कर भाजपा में शामिल हुआ। यह कार्यक्रम वरूण साहू के द्वारा करवाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन जोनी वर्कर, और मो. रब्बानी ने किया । मोहम्मद अनवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश दिन-प्रतिदिन प्रगति के पथ पर है। देश में सभी समुदायों को एक समान देखते, उनका हर योजना सभी के लिए बराबर है उन्होंने कहा कि सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हमारे प्रधानमंत्री कुशल नेतृत्व का परचम लहरा रहे हैं। मौके पर मो. रब्बानी, जोनी वर्कर राजा अंसारी, एस्टीया खान, रफीक अंसारी, अब्दुल खान, सेराज खान, समीम अंसारी, खलील खान, साकिब अंसारी, रुस्तम अंसारी,चेतन साहू,कुमार साहू, रविंद्र जायसवाल, पारस, नीमूल, कामाख्या, अजय, अविनाश, संजय संग कई लोगों ने भाजपा का दामन थामा।

142 अफसरों की वरीयता सूची जारी

RANCHI : राज्य प्रशासनिक सेवा के 142 अफसरों की वरीयता सूची जारी कर दी है। ये अफसर बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त हुए थे। राज्य गठन के बाद इन्होंने झारखंड कैडर चुना। अब राज्य प्रशासनिक सेवा के तहत इन अधिकारियों की 1 जनवरी 2024 की तिथि से औपबंधिक रूप से वरीयता का निर्धारण कर दिया गया है। वरीयता सूची के निर्धारण के बाद राज्य सेवा के अफसरों का आइएएस संवर्ग में प्रमोशन का रास्ता भी साफ हो गया है। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा से आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति देने के समय इस बिंदु पर गंभीरता से विचार किया गया। यूपीएससी ने भी इस ओर राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है। इससे पहले बीपीएससी से नियुक्त हुए अफसरों की वरीयता सूची निर्धारण का मामला लंबे समय से झारखंड सरकार के समक्ष विचाराधीन था। यूपीएससी के द्वारा उठाये गये बिंदुओं के बाद सरकार ने यह निर्णय विचार करने के बाद लिया है। बीपीएससी से नियुक्त अफसरों की वरीयता सूची निर्धारण का आदेश कार्मिक विभाग ने जारी कर दिया है। साथ ही वैसे पदाधिकारियों से आपत्ति मांगी है, जिन्हें इस औपबंधिक वरीयता सूची में आपत्ति है।

इधर पत्नी से नाराज पति ने ससुराल में दे दी जान, उधर डॉक्टर के ड्राइवर ने किया सुसाइड

सदर थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों ने कर ली आत्महत्या

CRIME REPORTER RANCHI : मंगलवार को राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों की खुदकुशी का मामला सामने आया है। जानकारी मिलने पर सदर पुलिस दोनों जगह पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामलों की जांच में जुट गई। पहली घटना चूना भट्ठा इलाके का है। यहां सिंकू पासवान नाम के एक युवक ने आत्महत्या कर ली। 36 वर्षीय सिंकू पासवान रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र का रहने वाला था। वह चुना भट्ठा स्थित अपने ससुराल आया हुआ था। परिजनों के अनुसार ससुराल में ही उसका अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर सोमवार की रात जमकर झगड़ा हुआ था, इसी बात से नाराज होकर सिंकू पासवान ने आत्महत्या कर ली। मंगलवार की सुबह सिंकू का शव बरामद किया गया। जिसके बाद मामले की जानकारी सदर थाने को दी गई। वहीं दूसरा मामला भी सदर थाना क्षेत्र का ही है। सदर इलाके के भाभा नगर के रहने वाले 56 वर्षीय विजय राम ने अपने ही घर आत्महत्या कर ली। विजय राम रांची के एक डॉक्टर के यहां ड्राइवर के तौर पर काम किया करते थे। मामले की जानकारी मिलने पर सदर थाने की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

ईडी की रेड में मुख्य सचिव का पत्र मिलना गंभीर : बाबूलाल मरांडी

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने सीएम को लिखा लेटर

PHOTON NEWS RANCHI : बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि ईडी रेड के दौरान ईडी कार्यालय द्वारा मुख्य सचिव को लिखे गए पत्र की प्रति मिलना एक गंभीर मामला है। इस पर बिना देर किए प्राथमिकी दर्ज कराते हुए पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराने की अनुशंसा करें। अन्यथा यह माना जाएगा कि भ्रष्टाचार के इस गंभीर मामले में आप चुप रहे और यह सब कुकृत्य देखते रहे। झारखंड की जनता भी आपसे यह सवाल पूछेगी। अगर आप और मुख्य सचिव यह सब जानने और संज्ञान में आने के बाद भी उपरोक्त कार्रवाई के अनुरोध पर कार्रवाई नहीं करेंगे तो देर-सबेर आप भी इस गंभीर मामले में आपराधिक षड्यंत्र का आरोपी बनने से बच नहीं पायेंगे। मरांडी ने पत्र में लिखा है कि देशभर में नोट के बंडल के साथ मुख्य सचिव का पत्र मिलने की चर्चा हो रही है। झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। मुझे विश्वास है कि आप भी यह देखकर आश्चर्य चकित होंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बुंडू के दो मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

वोटिंग के प्रयोग में परेशानी आई तो होगी कार्रवाई : सीईओ

मतदान केंद्र का निरीक्षण करते मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार।

PHOTON NEWS RANCHI : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जहां लगातार दिशा-निर्देश दे रहे हैं, वहीं बूथों का निरीक्षण कर निर्देश पर अमल की निगरानी भी कर रहे हैं। इसी के तहत उन्होंने मंगलवार को रांची जिले के बुंडू प्रखंड क्षेत्र के दो मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बुंडू के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी के मतदान केंद्र संख्या 69 एवं राजेंद्र आश्रम कन्या मध्य विद्यालय के मतदान केन्द्र संख्या 72 का निरीक्षण किया।

रवि कुमार ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण, मतदाता मार्गदर्शिका के वितरण एवं अब्सेंट, शिफ्ट, डेथ (एएसडी) सूची के अद्यतीकरण कार्य की गहराई से छानबीन की। इस कार्य में शिथिलता मिलने पर नाराजगी जताते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि यदि संबंधित पदाधिकारी की लापरवाही के कारण किसी भी मतदाता को मताधिकार के प्रयोग में परेशानी की शिकायत आई तो कड़ी कार्रवाई होगी। निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य ससमय संपन्न कराए जाने के लिए सभी जिलों के लिए कैलेण्डर तय हैं। जिनकी भी जहां जिम्मेवारी है उन्हें निर्धारित समय से पूरा करना है। रवि कुमार ने निर्वाचन कार्य की तैयारी में गति लाने का निर्देश दिया।

स्क्रूटनी के बाद छठे चरण में मैदान में 96 उम्मीदवार, 22 का नामांकन रद्द

PHOTON NEWS RANCHI : लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए मंगलवार को स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी हुई। झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। झारखंड में छठे चरण में स्क्रूटनी के बाद 96 प्रत्याशी मैदान में हैं। 22 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया। वहीं छठे चरण में 118 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। 9 मई तक नाम वापसी की अंतिम तारीख है। स्क्रूटनी के दौरान गिरिडीह से 7, धनबाद से 3, रांची और जमशेदपुर से 6-6 प्रत्याशियों का नॉमिनेशन रद्द किया गया। स्क्रूटनी के बाद गिरिडीह में 18, धनबाद में 25 ,रांची में 27 व जमशेदपुर में 26 प्रत्याशी मैदान में हैं। 7 मई को 7वें चरण के नामांकन का नोटिफिकेशन किया गया। झारखंड में पहले दिन 3 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। राजमहल से 1, गोड्डा से 2 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। दुमका से पहले दिन कोई भी नामांकन नहीं हुआ। जबकि 7वें चरण के नामांकन की अंतिम तारीख 14 मई है।

मतदाता पहचान पत्र बांटने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहा डाक विभाग

RANCHI : झारखंड में लोकसभा चुनाव के चौथे, पांचवें, छठे और सातवें चरण में मतदान होना है। इससे पहले सभी नए मतदाताओं तक मतदाता पहचान पत्र पहुंचाने की कवायद में डाक विभाग भी मशगूल है। विभागीय कर्मचारी नया वोटर आईडी कार्ड लोगों तक पहुंचाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। इस संबंध में रांची के शहीद चौक स्थित डाक विभाग के कार्यालय में तैनात मुख्य डाकपाल एस गोराई ने बताया कि लोगों के घरों तक वोटर आईडी कार्ड पहुंचाने के लिए करीब 55 डाकिया काम कर रहे हैं जबकि 15 से 20 कर्मचारी कार्यालय में लगातार कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि पिछले छह महीने से यह काम लगातार चल रहा है। अब तक 15 से 20 लाख लोगों तक वोटर आईकार्ड पहुंचाने का काम किया गया है। साथ ही 25 मई से पहले रांची जिले के बचे हुए 55 से 60 हजार वोटर कार्ड मतदाताओं तक पहुंचाने का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।

झामुमो ने चमरा लिंडा को पार्टी से कर दिया निलंबित

PHOTON NEWS RANCHI : झामुमो ने बागी नेताओं पर कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। खूंटी सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले बसंत लौंगा के बाद अब पार्टी ने विधायक चमरा लिंडा पर कार्रवाई की है। उन्होंने बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के इस विधायक को सस्पेंड कर दिया। गौरतलब है कि चमरा लिंडा ने लोहरदगा लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर दिया है। जबकि उस सीट से इंडिया गठबंधन ने कांग्रेस के सुखदेव भगत को प्रत्याशी बनाया है। झामुमो के केंद्रीय कमेटी ने बिशुनपुर विधानसभा चमरा लिंडा को पार्टी से निलंबित कर दिया है। इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। ये कार्रवाई पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश के आलोक में की गयी है। जारी अधिसूचना में उन पर गठबंधन धर्म के विपरीत कार्य करने की बात लिखी गयी है। पार्टी ने उन्हें निलंबित करते हुए सभी पदों से मुक्त कर दिया है। गौरतलब है कि चमरा लिंडा के लोकसभा चुनाव में नामांकन करने के बाद से ही झामुमो ने कार्रवाई करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया था। इसके लिए पार्टी ने जिला कमेटी से राय मांगी थी।

खत्म करेंगे ठेकेदारी प्रथा, सभी को मिलेगी पेंशन वाली नौकरी : राहुल

कांग्रेस बनाएगी लखपति, गरीब महिलाओं के खाते में प्रति वर्ष आएंगे 1 लाख रुपये

- देश में आरक्षण में 50 प्रतिशत की लिमिट को बढ़ाने का किया जाएगा काम
- किसानों का सारा कर्ज किया जाएगा माफ, एमएसपी कानून को करेंगे लागू
- मनरेगा मजदूरों, आशा कर्मियों व आंगनबाड़ी सेविकाओं की आमदनी दोगुना करने का वादा

चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में राहुल गांधी के साथ मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, कल्पना सोरेन, जोबा मांझी, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री सत्यानंद भोक्ता व अन्य और सभा को संबोधित करते राहुल ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS CHAIBASA: कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को झारखंड के चाईबासा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। कोल्हान प्रमंडल और पश्चिमी सिंहभूम जिला के मुख्यालय में अपने इस संबोधन में राहुल गांधी ने गरीब परिवारों को लखपति बनाने का वादा किया। नौकरी का वादा किया। राहुल गांधी ने कहा कि हम परमानेंट नौकरी देंगे। पब्लिक सेक्टर यूनिट में ठेकेदारी प्रथा वाली नौकरी खत्म करेंगे और सभी को पेंशन वाली नौकरी देंगे। राहुल गांधी ने आरक्षण बढ़ाने का भी वादा किया। कहा कि हमारी सरकार बनी तो आरक्षण पर 50 प्रतिशत की लिमिट को बढ़ाने का काम किया जाएगा। नरेंद्र मोदी ने 22 अरबपति बनाए। अब कांग्रेस लखपति बनाएगी। इसका तरीका बताते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सबसे पहले गरीब परिवारों की लिस्ट बनाएगी। करोड़ों परिवार हैं, जो गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं। इसमें आदिवासी, दलित, पिछड़े ज्यादा हैं। हर गरीब परिवार में से एक महिला का नाम चुनेंगे। उस महिला के बैंक अकाउंट में दस, बीस, पचास या नब्बे नहीं पूरे एक लाख रुपये साल के डाल देंगे। आगे कहा कि हमने महिलाओं के बैंक अकाउंट को इसलिए चुना है, क्योंकि इस 21वीं सदी में महिलाएं 16 से 20 घंटे काम करती हैं। मैं जानता हूं कि दबाव डालकर महिलाओं से पुरुष कुछ पैसा ले लेंगे। बेरोजगारी दूर करने का भरोसा दिलाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि देश के ग्रेजुएट अथवा डिप्लोमा होल्डर को हम पहली नौकरी का अधिकार देने जा रहे हैं। कांग्रेस की सरकार आई तो किसानों का सारा कर्ज माफ किया जाएगा। एमएसपी कानून लागू किया जाएगा। मजदूरों के लिए भी हमने सोचा है। अभी मनरेगा मजदूर को 250 रुपये मिलते हैं। हम 400 रुपये देंगे। आंगनबाड़ी सेविका व आशाकर्मियों की आमदनी दोगुनी कर देंगे। इससे पहले राहुल गांधी ने 'जोहार' कहकर अपना संबोधन शुरू किया। जोहार के अभिवादन को स्पष्ट करते हुए राहुल बोले, मैंने 'जोहार' इसलिए बोला, क्योंकि यह आदिवासियों का शब्द है। इसमें आपकी आवाज अच्छी सुनाई देती है। यह चुनाव आदिवासी, दलित, पिछड़ों के लिए जरूरी चुनाव है।

राहुल बोले, संविधान की रक्षा के लिए हम जान देने को तैयार

सिंहभूम लोकसभा सीट से आइएनडीआइए प्रत्याशी जोबा मांझी के लिए हुई इस चुनावी सभा से राहुल गांधी ने संविधान की किताब दिखाते हुए कहा कि यह देश की आवाज है। आईएनडीआईए इसकी रक्षा कर रहा है। वहीं, भाजपा वाले इसे फाड़कर फेंकना चाहते हैं। आपको जो भी मिला है, इसी किताब ने दिया है। संविधान से ही आपको आरक्षण मिलता है। संविधान से नौकरी मिलती है, संविधान से शिक्षा मिलती है। यह मिट जाएगा तो आदिवासी कहीं का नहीं रहेगा। सारा का सारा 10 से 15 अरबपतियों के हाथ में चला जाएगा। संविधान की रक्षा के लिए हम जान देने को तैयार हैं। आदिवासी देश की जमीन का पहला मालिक है। अडाणी की नजर आपकी जल, जंगल, जमीन पर है। मोदी उनके लिए काम कर रहा है।

देश को 90 लोग मिलकर चला रहे, इनमें आदिवासी केवल एक

राहुल गांधी ने कहा कि आपको हम आदिवासी कहते हैं। वो आपको वनवासी बोलते हैं, क्योंकि उनके लिए आप जंगल में रहने वाले लोग हैं। हमारे लिए आप आदिवासी हैं। आपका इस जमीन पर हर संसाधन पर बराबरी का हिस्सा है। वे आपको वनवासी कहते हैं, और सारे जंगल और जमीन अडाणी, अंबानी को दे रहे हैं। एक दिन जंगल खत्म हो जाएंगे तो आपको कहेंगे, जाओ भीख मांगो। चुनावी सभा के मंच पर पहुंची कल्पना सोरेन की ओर जनसभा का ध्यान आकृष्ट करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कल्पना के पति और झारखंड के आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया है। हेमंत सोरेन छूटेगा। आपको बता दूं कि आज हिन्दुस्तान को 90 लोग मिलकर चला रहे हैं। ये सभी आइएएस अधिकारी हैं। 90 में से केवल एक व्यक्ति आदिवासी है।

महंगाई कम नहीं हुई : चम्पाई सोरेन

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में महंगाई कम नहीं हुई। गैस सिलेंडर के दाम बढ़ते गए।

आज तक केंद्र सरकार ने आदिवासी हित में कोई का नहीं किया। हमने विधानसभा में आदिवासियों की परंपरा और अस्मिता के लिए सरना धर्म कोड का नियम बनाया। प्रधानमंत्री जब यहां आये तो सरना धर्म कोड पर कुछ नहीं बोले। झारखंड सरकार ने पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाया लेकिन केंद्र के इशारे पर राजभवन में ही रोक दिया गया। सभा में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री सत्यानंद भोक्ता व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कल्पना सोरेन, विधायक निरल पुर्ति, विधायक सुखराम उरांव और प्रत्याशी जोबा माझी सहित अन्य मौजूद थे।

जमशेदपुर की रही दमदार मौजूदगी

पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मंगलवार को चाईबासा में राहुल गांधी की चुनावी जनसभा हुई, जिसमें जमशेदपुर की दमदार मौजूदगी रही। जमशेदपुर से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकताओं का जत्था चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में पहुंचा था। यहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में गगनभेदी नारे लगाए। इनमें जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, जिला उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, बृजेंद्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, अमित श्रीवास्तव गुड्डू, सनी सिंह, अजय महतो, निखिल तिवारी, कॉल्टू चक्रवर्ती, कमलेश कुमार पाण्डेय सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

BRIEF NEWS

महाराणा प्रताप जयंती पर आज होगी आतिशबाजी

JAMSHEDPUR : महाराणा प्रताप की जयंती पर 9 मई को क्षत्रिय करणी सेना परिवार शौर्य यात्रा निकालेगी। वहीं, जयंती की पूर्व संध्या पर 8 मई को साकची के पुराना कोर्ट के पास मेरीन ड्राइव चौक पर आतिशबाजी की जाएगी। हरि सिंह राजपूत ने बताया कि इस संबंध में मंगलवार को डिमना में संस्था की बैठक हुई, जिसमें यह तय हुआ कि 9 मई को साकची स्थित बोधि मंदिर मैदान से महाराणा प्रताप चौक तक शौर्य यात्रा निकाली जाएगी।

साई आकाश माझी ने बीजद से दिया इस्तीफा

ROURKELA : राउरकेला के साई आकाश माझी ने बीजू जनता दल के प्राथमिक सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी में स्थानीय नेताओं की लगातार हो रही उपेक्षा के कारण उन्होंने यह फैसला लिया है।

सुंदरगढ़ के दर्जनों कार्यकर्ता बीजेडी में शामिल

SUNDARGARH : सुंदरगढ़ सदर विधान सभा क्षेत्र में योगेश कुमार सिंह की उपस्थिति में लबनी के नेतृत्व में सदर विधानसभा क्षेत्र के बीरविरा, कुलटा पंचायत और मझापाड़ा क्षेत्र के 100 से अधिक महिला और पुरुष बीजू जनता दल में शामिल हुए। मौके पर जिला परिषद सदस्य व प्रखंड बीजेडी अध्यक्ष अश्विनी कुमार नायक, कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश साहू, वरिष्ठ नेता बसंत शेखर देव, संतोष मगर उपस्थित थे।

दुर्घटना में घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया

ROURKELA : शहर के कोणार्क टॉकीज के सामने चौक में भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें घायल युवक नयाबाजार (राउरकेला) का रहने वाला 15 साल का एक लड़का (सत्य दास उम्र 15) कुछ देर तक सड़क पर बेहोश पड़ा रहा। संयोग से उस समय वहां गुजर रहे राउरकेला के विधायक प्रत्याशी शारदा नायक ने अपनी गाड़ी को रोक कर बेहोश पड़े सत्य को अपनी गाड़ी में राउरकेला सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

सीपीआई (एम) ने कार्ल मार्क्स की जयंती मनाई

ROURKELA : समाजवाद के संस्थापक कार्ल मार्क्स की 207वीं जयंती सीपीआई (एम) सुंदरगढ़ जिला कमेटी और राउरकेला लोकल कमेटी की ओर से एकेजी भवन शक्तिनगर में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज किशोर प्रधान ने की। पार्टी के राज्य संपादक मंडल सदस्य बिष्णु मोहंती, जिला संपादक प्रमोद सामल, जिला संपादक मंडल सदस्य और बणई विधायक उम्मीदवार लक्ष्मण मुंडा, जहांगीर अल्ली, विमान माईती, श्रीमंत बेहरा, सुरेंद्र दाश, जिला समिति सदस्य बसंत नायक उपस्थित रहकर अपना वक्तव्य रखे।

त्रिशक्ति मंदिर में सुंदरकांड पाठ आयोजित

ROURKELA : राउरकेला के हनुमान वाटिका स्थित त्रिशक्ति मंदिर के 8वें वार्षिक उत्सव में मंजूदेवी और कैलाश पारेख की स्मृति में सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को रोशनी और फूलों से सजाया गया था। श्याम बाबा, रानी सती, सालासर बालाजी के भव्य महल को फूलों से सजाया गया। कोलकाता से आए कारीगरों ने बाबा की दिव्य प्रतिमा को सजाया। स्थानीय भजन कलाकार रमन शर्मा और मृदुल शर्मा द्वारा श्याम बाबा सहित अन्य देवी देवताओं का भजन प्रस्तुत किया गया। वहीं राजस्थान के सालासर धाम के रसराज महाराज, अरविंद महाराज की मंडली द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। आकर्षण का केंद्र हनुमान की झांकी रही, जिसे देखकर श्रद्धालु झूमने लगे। कार्यक्रम में राउरकेला के सालासर के भक्ति मंडल सहित निवेदक एमके रोडलाइंस नितेश पारेख और चिराग खंडेलवाल की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजन में राउरकेला समेत राजगांगपुर, बीरमित्रपुर और आसपास के श्रद्धालु शामिल हुए।

पतंजलि योग परिवार का मना वार्षिक उत्सव

ROURKELA : सुंदरगढ़ जिला पतंजलि योग परिवार ने मंगलवार को सेक्टर-2 स्थित सामुदायिक केंद्र योग केंद्र का वार्षिक उत्सव वरिष्ठ योग शिक्षक एवं जिला बीएसटी अधीक्षक नरेंद्र बेहरा की अध्यक्षता में आयोजित की। कार्यक्रम में राउरकेला स्टील प्लांट के उप निदेशक (खेल) आरएन पाढ़ी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मनोरमा मुदुली, प्रकाशिनी भंज और सरस्वती कांता ने संगीत और गुरु वंदना की। विशिष्ट अतिथि प्रियदर्शिनी पाढ़ी ने योग के लाभों और इसके प्रभाव पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में योग शिक्षिका कौशल्या पृष्ठि, शशिकला साहनी, शुभश्री नायक, शांतिलता बारिक, साधक साधिका देबराज भंज, गौरीशंकर पाणीग्रही, ममता मोहंती, संयुलता सिंह, स्नेहा, सुभाषिनी, सुरभि, ब्रह्म बिंधनी, कंचन, कश्मीर, दिलु ने भाग लिया।

आनंद मार्ग के शिविर में 50 यूनिट रक्तदान

JAMSHEDPUR : आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं ओमप्रकाश बजाज एवं सविता बजाज की पुण्यस्मृति में जमशेदपुर ब्लड सेंटर में एक दिवसीय 105वां मासिक रक्तदान शिविर का आयोजन जमशेदपुर ब्लड सेंटर में किया गया। इसमें लगभग 50 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। इस दौरान लगभग 150 पौधा बांटा गया।

सोनारी में दो युवकों को गोली मारी बस्तिवासियों ने आरोपी को दबोचा

PHOTON NEWS JSR: सोनारी के सीएच एरिया के पास शातिर बदमाश ने इलाके के ही सूर्य हेंब्रम और अभय गोप को मंगलवार को गोली मार दी। घटना में दोनों को गोलियां लगी हैं, जिसके बाद दोनों को इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया गया है। घटना के समय बस्ती के लोगों ने आरोपी बाटला उर्फ आकाश सिंह को धर दबोचा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

टीएमएच में इलाजरत घायल ● फोटोन न्यूज

बाटला ने दी थी धमकी

बताया जा रहा है कि बाटला ने सूर्य और अभय को पहले धमकी दी थी। इस बीच जैसे ही बाटला बस्ती में पहुंचा ही था कि दोनों ने उसे पकड़ लिया था। बस्ती के लोग भी पहुंच गए थे। इस बीच ही बाटला ने खुद को बचाने के लिए दोनों पर गोली चला दी। इसके बाद बस्ती के लोग उग्र हो गए और बाटला को पकड़ लिया।

बाटला का रहा है पुराना आपराधिक इतिहास

बाटला की बात करें तो वह लूट, हत्या, आर्म्स एक्ट समेत कई मामले में पहले भी जेल जा चुका है। उसका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

सोनारी के रहने वाले हैं दोनों घायल

फायरिंग में घायल अभय गोप सोनारी के न्यू कपाली बस्ती का रहने वाला है।
इसी तरह सूर्य हेंब्रम सोनारी के झाबरी बस्ती का रहने वाला है। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चाकुलिया में 67 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया के भोंडशोल में टीकाराम सोरेन के घर पर छापेमारी कर 67 किलो गांजा के साथ उसे गिरफ्तार किया गया है। घटना का खुलासा एसएसपी किशोर कौशल ने मंगलवार को पुलिस ऑफिस में आयोजित प्रेसवार्ता में किया। उन्होंने बताया कि टीकाराम सोरेन ओडिशा से गांजा लाकर बेचने का काम करता था। इस धंधे में अन्य तीन लोग भी लिप्त हैं, जिनकी जानकारी पुलिस टीम को मिली है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। टीकाराम सोरेन के बारे में पुलिस का कहना है कि वह पूर्वी सिंहभूम जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गांजा सप्लाई करने का जाल बिछा रखा था। वह पहली बार पुलिस की गिरफ्त में आया है।

जादूगोड़ा में देसी व विदेशी शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

जब्त शराब की जानकारी देते एसएसपी किशोर कौशल व अन्य ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR: जमशेदपुर के ग्रामीण इलाके जादूगोड़ा में पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। यहां पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब का घर पर व्यापार कर रही महिला को 408 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब और 8 लीटर अवैध देसी महुआ के साथ गिरफ्तार किया है। इसका मूल्य करीब 1 लाख रुपये है। गिरफ्त में आई महिला का नाम पवनी उरांव (50) है। जादुगोड़ा के उत्तरी इचरा टोला धरमडीह की रहने वाली है। पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर जादूगोड़ा के उत्तरी इचरा टोला धरमडीह में महिला के घर से विभिन्न बांड के 184 पीस बीयर केन, 224 पीस शराब के बोतल और 8 लीटर अवैध महुआ बरामद किया गया। महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मंगलवार को जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में जादूगोड़ा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, सत्यनारायण कुमार, महिला पुलिस उर्मिला देवी, हवलदार सुधांशु कुमार महतो और सशस्त्र बल शामिल थे। एसएसपी ने बताया कि नशीले पदार्थों को लेकर अभियान जारी रहेगा।

लोकसभा चुनाव : चुनावी मैदान में रह गए 26 प्रत्याशी, 9 मई को नामांकन वापसी की अंतिम तिथि

जमशेदपुर से 6 उम्मीदवारों का नामांकन हुआ रद

PHOTON NEWS JSR: जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से इस बार 32 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच में 6 उम्मीदवारों का नामांकन रद कर दिया गया, जिससे अब चुनावी मैदान में 26 प्रत्याशी बच गए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल को जिन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र सौंपा था, उनमें 14 विभिन्न दलों के प्रत्याशी और 18 निर्दलीय थे। अब दलीय उम्मीदवार 13 और निर्दलीय 13 बच गए हैं। नामांकन पत्रों की जांच के बाद जो उम्मीदवार बच गए हैं, उनमें बिद्युत बरण महतो (भाजपा) व समीर कुमार मोहंती (झामुमो) के अलावा महेश कुमार (राइट टू रिकॉल पार्टी), अशोक कुमार (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, डेमोक्रेटिक), अरुण कुमार शर्मा (भारतीय आजाद सेना), धार्मू टुडू (अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया), मनोज गुप्ता (लोकहित अधिकार पार्टी), शेख अखिरुद्दीन (बहुजन महा पार्टी), सनका महतो (एसयूसीआई), सुकुमार सोरेन (भारत आदिवासी पार्टी), अंगद महतो (आमरा बंगाली पार्टी), प्रणब कुमार महतो (बहुजन समाज पार्टी), डोमन चंद्र भकत (भागीदारी पार्टी-पी) के अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों में सौरभ विष्णु, जुझार सोरेन, बबलू प्रसाद दांगी, अरुण महतो, जयराम दास, ज्ञानसागर प्रसाद, इंद्रदेव प्रसाद, जितेंद्र सिंह, पार्वती किस्कू, साधुचरण पाल, विश्वनाथ महतो, आनंद मुखी व राकेश कुमार शामिल हैं।

इन उम्मीदवारों का नामांकन खारिज

1. मंगल हेम्ब्रम, अखिल भारतीय झारखण्ड पार्टी
2. संजीव कुमार कुंडू, निर्दलीय
3. पिंकी महतो, निर्दलीय
4. दुर्गा लाल मुर्मू, निर्दलीय
5. अमित कुमार सिंह, निर्दलीय
6. दिलीप कुमार टुडू, निर्दलीय

अब 9 मई को नाम वापसी की तिथि है। जमशेदपुर लोकसभा चुनाव के लिए 25 मई को मतदान होना है। मतगणना 4 जून को होगी।

मतदाता सूची-पर्ची का वितरण आज पूरा कर लें : उपायुक्त

GAMARIA : आदित्यपुर क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र में प्रखंड वोटर इनफॉरमेशन स्लिप वितरण को लेकर मंगलवार को ऑटो क्लस्टर गम्हरिया स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में संबंधित क्षेत्र के सभी बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर के साथ समीक्षा बैठक हुई। इसमें उपायुक्त ने मतदान केंद्रवार वोटर इनफॉरमेशन स्लिप की समीक्षा की गई इस दौरान उपायुक्त नें शेष बचे मतदाता सूची व पर्ची वितरण कार्य 8 मई तक पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। समीक्षा क्रम मे ऐसे क्षेत्र जहां अपेक्षाकृत वितरण प्रतिशत कम पाई गई उन क्षेत्र मे नगर निगम आदित्यपुर तथा सम्बन्धित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय से कर्मी के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सभी योग्य मतदाताओं के बीच मतदाता सूची वितरण करने का निर्देश दिया।

मानगो में बाइक ने मारी टक्कर, 3 लोग घायल

बाइक की टक्कर में घायल ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR: मानगो थाना अंतर्गत जवाहर नगर रोड नंबर 16 में विशाल मेगा मार्ट के समीप एक तेज रफ़्तार बाइक ने सड़क पार कर रहे राहगीर को टक्कर मार दी, जिससे जवाहर नगर रोड नंबर 12 के आलीशान टावर निवासी मोहम्मद आरिफ गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों के सहयोग से तत्काल इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नशे में धुत्त दो युवक काफी तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए आए और टक्कर मार दी।
बताया जाता है कि बाइक सवार दोनों युवक गरीब कॉलोनी के सद्दाम और गौसनगर कपाली निवासी इरशाद अंसारी भी जख्मी हो गए। उन्हें भी इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लाया गया। यहां इलाज के बाद दोनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

भूसे के साथ हरा चारा ना मिलने पर जताई नाराजगी

गौशाला एनजीओ सचिव को लगाई फटकार

अमरोहा। जनपद के हसनपुर तहसील क्षेत्र में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने मंगलवार को ब्रह्द नंदी विहार गौशाला गुरेठा विकासखंड गंगेश्वरी का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में पानी की व्यवस्था,पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण,खल चोकर उपलब्धता,भूसा की उपलब्धता,भूसे के साथ हरा चारा मिलाकर दिया जा रहा है या नहीं सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया । जिलाधिकारी को निरीक्षण केदौरान भूसें के साथ हरा चारा और खली चौकर ना मिला पाए जाने पर गौशाला NGO सचिव का कड़ी फटकार लगाते हुए कड़ी कार्रवाई करने के हिदायत दी है । जिलाधिकारी निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी के दृष्टिगत पशुओं को नियमित रूप से पानी दिया जाए। जो तालाब हैं उनमें पानी अवश्य भरा रहे। ईंट की जो बाउंड्री बनाई जा रही है उसको जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाए। ताकि गौशाला के अंदर ही पशु टहल सके। कहा कि भूसे के साथ हरा चारा और खली चोकर अवश्य मिलाकर दिया जाना चाहिए । यदि अगले निरीक्षण में भूसे के साथ हरा चारा न मिला तो खैर नहीं होगी। हरा चारा अधिक से अधिक बुवाया जाए । कहा कि कोई भी पशु बीमार होता है तो समय से इलाज उसका हो जाए यह सुनिश्चित करें । गौशाला NGO सचिव पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर निर्देशित करते हुए कहा कि सही से काम करें । कार्य संतोषजनक नहीं दिख रहा है सुधार करें । अतिरिक्त नये शेड बनाए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को दिया । कहा कि जल्द से जल्द इन नए शेडों को तैयार कर छुट्टा पशुओं को संरक्षित किया जाए । न्यायिक माया शंकर यादव,मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र,खंड विकास संबंधित अधिकारी गौशाला के संरक्षक मौजूद रहे ।

अपने ही पैसे मांगने पर दबंग ने युवक को पेट्रोल डालकर जलाया हालत चिंताजनक अस्पताल में भर्ती

बरेली। उधार के रुपए वापस मांगना युवक के लिए भारी पड़ गया। युवक के उधार के रुपए मांगने पर भड़के दबंग ने उसके ऊपर पेट्रोल डाल कर जला दिया। घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बता दें, मामला इज्जत नगर थाना क्षेत्र के कंजरदासपुर नगर है, जहां दीपक अपने दिए गए उधार के रुपए मांगने गया था। रुपए मांगने पर दबंग भड़क गया और पेट्रोल डालकर उसे जला दिया और मौका पाकर बाइक से फरार हो गया। वहीं घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

अमरोहा में एमएलसी डा. हरिसिंह ढिल्लो से ठगी का प्रयास

अमरोहा। में साइबर ठगों ने MLC डा. हरिसिंह ढिल्लो से ठगी का प्रयास किया है। ठगी ने एमएलसी को फोन करके बताया कि उनका बेटे को दुष्कर्म के मामले में पकड़ा गया है। छोड़ने के लिए पैसे की मांग की। जबकि शिक्षक विधायक का बेटा उनके पास बैठा था। इस मामले में शिक्षक विधायक ने दिल्ली निवासी विजय पांडे के विरुद्ध नगर कोतवाली अमरोहा में एफआईआर दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। मंगलवार को लगभग साढ़े दस बजे की है। एमएलसी डा. हरिसिंह ढिल्लो कल्याणपुरा स्थित अपने आवास पर मौजूद थे। उसी समय उनके मोबाइल नंबर पर वॉट्सऐप कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम विजय पांडे बताया। साथ ही कहा कि वह दिल्ली के थाना सदर से बात कर रहा है। आपका बेटा दुष्कर्म के मामले में पकड़ा गया है। अगर छुड़ाना चाहते हो तो पैसे देने होंगे। जबकि शिक्षक विधायक का बेटा उनके पास ही अपने घर में बैठा हुआ था। जिस पर उन्हें ठगी करने की बात समझ आई। जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को मामले की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने नगर कोतवाली में आरोपी विजय पांडे के खिलाफ नगर कोतवाली में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई। नगर कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज की गई है।

पिता-पुत्रों पर लगाया युवती छेड़छाड़ का आरोप रिपोर्ट दर्ज

बरेली। बहेड़ी के गांव की रहने वाली एक युवती ने दो सगे भाइयों और उनके पिता पर उसे, उसकी बहन और मां को छेड़ने का आरोप लगाकर एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बहेड़ी क्षेत्र के एक गांव की युवती का कहना है कि गांव के दो सगे भाई उस पर और उसकी सगी बहन पर गलत नियत रखते हैं। उसकी मां ने दोनों भाइयों की शिकायत उनके पिता से की तो उसने उसकी मां को गालियां देते हुए लाठी डंडों और लातों घूंसों से मारा। जब शोर सुनकर वह दोनों बहनें मां को बचाने गईं तो दोनों सगे भाइयों ने दोनों बहनों के कपड़े फाड़ दिए और दोनों के साथ अश्लील हरकतें कीं। उनके चीखने पर एक युवक ने उसके काट लिया और उसकी बहन को दूसरे भाई ने उसकी मां को दोनों भाइयों के पिता ने गलत नियत से पकड़ लिया। आरोप है कि लोगों ने उसका मोबाइल भी छीन लिया। युवती का कहना है कि वह लोग दबंग और हेकड़ किस्म के हैं। उनका परिवार बड़ा होने के कारण गांव में उनका कोई विरोध नही करता। इस मामले की शिकायत उन्होंने थाने में जाकर की तो पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उसके बाद युवती ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश के बाद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दी है।

संक्षिप्त डायरी

वोटर पर्ची नही आई तो टेंशन लेने का नही आपके पास हैं ये 15 विकल्प

बरेली। सात मई यानी कि मंगलवार को लोकसभा के तीसरे चरण का मतदान होगा। सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदाता वोटिंग कर सकेंगे। ऐसे में कई घरों पर बीएलओ की लापरवाही से मतदान पर्ची नहीं पहुंची है, लेकिन परेशान होने की जरूरत नहीं है। चुनाव आयोग ने 15 विकल्पों को तैयार किया है, इसके जरिए मतदाता अपना वोट डाल सकेगा। बताते चले कि जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने 15 विकल्पों की सूची जारी की है। मतदाता मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। इसमें पहला विकल्प पहचान पत्र भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत मतदान पहचान, आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, राज्य केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों स्थानीय निकायों अथवा पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटो युक्त पहचान पत्र, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी फोटो युक्त पासबुक, फोटो युक्त पेंशन अभिलेख तथा भूतपूर्व सैनिक पेंशन भुगतान आदेश वृद्धावस्था पेंशन आदि, फोटो योग स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पहचान पत्र, फोटो युक्त शस्त्र लाइसेंस, फोटो युक्त शारीरिक रूप से असक्त होने का प्रमाण पत्र, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर्ड के अंतर्गत राष्ट्रीय जनरल ऑफ इंडिया द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, सांसदों विधायकों विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, राशन कार्ड के जरिए वह वोट डाल सकेगा।

निपुण नोडल प्रभारी ने किया जोया के बेसिक परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण

अमरोहा। जनपद अमरोहा के विकास खण्ड जोया में किशन अग्रवाल ` राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ जो कि निपुण सेल से हैं। एवं निपुण नोडल प्रभारी अमरोहा भी है। उनके द्वारा विकास क्षेत्र जोया के प्राथमिक विद्यालय अजीज नगर एवं प्राथमिक विद्यालय फत्तेहपुर माफी का औचक निरीक्षण किया गया। एवं निपुण को लेकर उन सभी जमीनी हकीकत को जाना जिससे बच्चों को निपुण होने में परेशानी आ रही है। दोनों विद्यालयों में बच्चों से भाषा एवं गणित के प्रश्न पूछे एवं सभी बच्चों ने संतोषजनक जवाब दिया। निरीक्षण के समय योगेश कुमार एआरपी उपस्थित रहे एवं साथ ही बीआरसी केंद्र नारंगपुर जोया का निरीक्षण किया निपुण विद्यालयों को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद एवं समस्त एआरपी के साथ मीटिंग की गई एवं बीआरसी पर सब कुछ संतोषजनक मिला।

होटल और धर्मशाला में चेंकिग,बाहरी को जिला छोडऩे का निर्देश

बरेली। जिले की बरेली और आंवला लोकसभा को लेकर सात मई को मतदान है। इस महापर्व को लेकर जहां क्षेत्र की जनता में उत्साह है। वहीं अधिकारियों की ड्यूटी भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। इस महापर्व को शांतिपूर्ण कराने के लिए वह जी जान से लगे हैं। पुलिस प्रशासन जिले में होने वाली सभी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखे हुआ है। इसके साथ ही जिले के होटल और धर्मशालाओं पर बाहरी लोगों की चेंकिग की जा रही है। उन्हें सात तारीख तक जिला छोडऩे को कहा जा रहा है। चुनाव को शांतिपूर्ण कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। नाका पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी हर आने-जाने वाले वाहन पर अपनी नजर रखे हुए हैं। ढावों को भी चेक किया जा रहा है। वाहनों को चेकर कर उनके मालिक का नाम और शहर में आने का कारण से लेकर सभी विवरण भरे जा रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस की टीम चौबीस घंटे वार्डर पर मुस्तैद है। शाम से होगी रूट डायवर्जन व्यवस्था लागू सात मई को जिले में मतदान है। इसक लिए सोमवार को परसाखेड़ा वेयरहाउस से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। सात मई को वोटिंग के बाद यहां पर ही ईवीएम जमा की जाएगीं। एसपी ट्रेफिक शिवराज सिंह ने बताया कि परसाखेड़ा में व्यवस्था को संभालने के लिए रुड डायवर्जन किया जा रहा है। महानगर से रामपुर, दिल्ली जाने वाले वाहन मिनी बाईपास से झुमका चौराहे से जाने के बदले विलयधाम, बिल्वा पुल होतेहु ए जाएंगे। इसके साथ ही दिल्ली, मुरादाबाद, रामपुर की ओर से ओन वाले सभी प्रकार के वाहन झुमका तिराहे से बड़ा बाइपास होते हुए बिल्वा पुल, विलयधाम, बैरियर टू से महानगर में प्रवेश करेगें। वहीं झुमका चौराहे से मिनी बाईपास के मध्य चुनाव कार्य में लगे वाहनों, अधिकारियों व कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य समस्त वाहनों का डायवर्जन आज शाम से मतदान समाप्ति तक प्रभावित रहेगा। परसाखेड़ा में आज से मतदा समाप्ति तक झुमका चौराहे से टियूलिया अंडरपास व मथुरापुर चौराहे से निर्वाचन कार्य केअतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के वाहनों व व्यक्तियों का प्रवेश निषेध रहेगा। जिले में शांतिपूर्व तरीके से चुनाव कराने के लिए १७ हजार से अधिक पुलिस बल व अर्धसैनिक बलों को लगाया गया है। यह लोग १७० केंद्रों पर ठहरे हुए हैं। सोमवार से यह अपने मतदान में लगाई गई ड्यूटी स्थल पर पोलिंग पार्टियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए रवाना हो जाएगें। इसके साथ ही मतदान केंद्रो पर पुलिस प व प्रशासनिक अधिकारियों का मुवमेंट बना रहेगा। मतदान केंद्रो पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जाएगी।

मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार मतदान अवश्य करें



बरेली। दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने लोकसभा चुनाव में सभी बढ़-चढ़ कर मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि देश भर में लोकसभा चुनाव चल रहे है। 2 चरणों में चुनाव निपट गए है, जिसमें वोटिंग प्रतिशत काफी कम रहा। तीसरे चरण में बरेली समेत देश के कई जिलों में 07 मई को मतदान होना है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान जम्हूरी(लोकतात्रिक) मुल्क है। हमारे मुल्क के संविधान ने हमे वोट डालने का हक दिया है ये हमारा संवैधानिक अधिकार भी है। इसलिए मेरी अभी लोगो से अपील है कि लोग इस लोकतंत्र के पर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए अपने दिल की आवाज से अपने वजूद और ताकत का भरपूर इस्तेमाल करते हुए अपने मुल्क,अपने सूबे और ज़िले की तरक़्क़ी व सलामती के लिए वोट जरूर दे। उस उम्मीदवार को अपना वोट दे जो आपका हमदर्द हो,और आपकी हिमायत करते हुए आपसी भाईचारा कायम रखें। आपके हक में अपनी आवाज बुलंद करे। बिना किसी भेदभाव समाजसेवा के लिए समर्पित हो। किसी भी व्यक्ति के बहकावे में आये बिना जो सबसे मुफीद उम्मीदवार या पार्टी हो,उसका चुनाव करें। व्यवस्था को नकारने से बेहतर है बदलाव का हिस्सा बने। क्योंकि हमारा हर एक वोट कीमती है।

बिजनौर में कूड़े के ढेर में लगी आग

बिजनौर। के नहटौर इलाके में बाईपास पर नगरपालिका द्वारा डंप किए गए कूड़े के ढेर में आग लगने से उसका धुआं आस पास के इलाके में फैल गया। जिससे एक वृद्ध की दम घुटने से मौत हो गई। जबकि एक दर्जन से अधिक लोगों बीमार हो गए जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर मौके पर पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों ने कूड़ा हटाए जाने की मांग की। दरअसल बिजनौर के नहटौर थाना क्षेत्र के धामपुर बाईपास मार्ग पर कूड़े के ढेर में देर रात अचनाक आग लग गई। जिससे हर तरफ धुआं ही धुआं फैल गया। आग की लपटें दूर तक दिखाई देने लगीं। कूड़े के ढेर में लगी आग का धुआं फैलने से आसपास रहने वाले लोगों को दम घुटने की शिकायत होने लगी। मोहल्ला नौधा दक्षिणी में धुआं फैलने से करीब एक दर्जन से अधिक लोगों को दम घुटने को शिकायत होने लगी। जिन्हें परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डाक्टर ने मोहम्मद इरफान को मृत घोषित कर दिया। आग की सूचना पर पुलिस व नगर पालिका कर्मचारी मौके पर पहुंचे और नगर पालिका के टैंकरों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया तो फायर बिग्रेड की सूचना दी गई। सूचना पर दमकल को टीम मौके पर पहुंची टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन पूरी तरह आग पर काबू नहीं पाया जा सका। वहीं मोहल्ले के रहने वाले महताब शेख, मोहम्मद फारूक, सलीम मलिक, अमीनुद्दीन, इमरान अंसारी, इकबाल मलिक, अफजाल मलिक, सरफराज अहमद, कमरुद्दीन, जाहिद हुसैन, फरहान अहमद, फुरकान, अबरार मलिक, सद्दाम, यूसुफ का कहना है कि कई सालों से बाईपास पर नगर पालिका द्वारा कूड़ा डाला जा रहा है। जिससे आए दिन आग लग जाती है। आग लगने के बाद धुएं का रुख मोहल्ले की ओर हो जाता है, जिससे लोगों को सांस लेने में कठिनाई होती है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से बाईपास पर डाले जा रहे कूड़े से निजात दिलाने की मांग की है। वार्ड सभासद पति मोहम्मद सराफत अल्वी ने बताया कि पालिका प्रशासन को अवगत कराया गया है। पालिका की टीम आग बुझाने में लगी हुई है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह का कहना है कि पालिका की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। जल्द ही यहां से कूड़ा हटा दिया जाएगा।

रेप केस में बरेली कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

बरेली। में एक लड़की को 4 साल, 6 महीने, 8 दिन यानी कुल 1653 दिन की सजा सुनाई गई। लड़की जब नाबालिग थी, तब उसने एक युवक पर रेप का केस दर्ज कराया था। बाद में मामला फर्जी निकला। बरेली कोर्ट ने आदेश दिया- लड़की की वजह से एक बेकसूर ने लंबे समय तक जेल में सजा काटी। जितने दिन वह जेल में रहा, उतनी ही सजा लड़की को होनी चाहिए। कोर्ट ने दोषी लड़की पर 5.88 लाख का जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ने पर कोर्ट ने कहा- युवक जितने दिन जेल में रहा, उसकी इनकम का आर्थिक नुकसान हुआ। इसकी भरपाई की जिम्मेदारी दोषी लड़की की है। दोषी लड़की से वसूला गया जुमार्ना युवक को दिया जाए। जुमार्ना नहीं देने पर लड़की को 6 महीने की सजा और काटनी होगी। कोर्ट ने जेल में बंद युवक को दोष मुक्त कर दिया। लड़की ने युवक पर नशीला पदार्थ खिलाने और दिल्ली ले जाकर रेप करने का आरोप लगाया था। मुकदमे में सुनवाई के दौरान लड़की ने खुद ही सभी आरोप झूठे बताए। मामला साल 2019 का है। अजय पर आरोप लगा था कि उसने 15 साल की लड़की को किडनैप किया। इसकी शिकायत लड़की के भाई ने पुलिस से की थी। लड़की का भाई अजय के साथ काम करता था। उस समय लड़की नाबालिग थी। पहले उसने भी पुलिस को बयान देते हुए कहा था कि अजय उसे दिल्ली ले गया। वहां उसके साथ गलत काम किया गया। सरकारी वकील सुनील पांडेय ने बताया- लड़की के आरोप के बाद अजय कुमार के खिलाफ पॉक्सो समेत कई धाराओं में FIR दर्ज की गई। लड़की ने कोर्ट में भी अजय के खिलाफ बयान दिया था। 4 साल बाद लड़की अपने बयान से मुकर गई। उसने कोर्ट को बताया कि अजय निर्दोष है। इसी साल फरवरी में सुनवाई के दौरान लड़की ने बताया कि वह अजय के काफी क्लोज थी। उसके रिलेशन के बारे में उसकी मां को सब कुछ पता चल गया था। मां को अजय बिल्कुल पसंद नहीं था। लड़की ने मां के दबाव में आकर अजय पर झूठा आरोप लगाया था। लड़की की अब शादी हो चुकी है। उसके पति ने कोर्ट को बताया कि वह ट्रायल के चलते तंग आ चुका है। इसलिए उसकी पत्नी बयान बदलना चाहती है। इसके बाद उसने फिर बयान दिया। कहा- उसके साथ किसी तरह का रेप नहीं हुआ। न ही उसे किडनैप किया गया था। सरकारी वकील सुनील पांडेय ने बताया- लड़की के आरोप के बाद अजय कुमार के खिलाफ पॉक्सो समेत कई धाराओं में ऋक्र्रू दर्ज की गई। लड़की ने कोर्ट में भी अजय के खिलाफ बयान दिया था। 4 साल बाद लड़की अपने बयान से मुकर गई। उसने कोर्ट को बताया कि अजय निर्दोष है। इसी साल फरवरी में सुनवाई के दौरान लड़की ने बताया कि वह अजय के काफी क्लोज थी।



अमेरिकी बैंक क्यों हो रहे दिवालिया?

प्रहलाद सबनानी

पूंजीवाद पर आधारित आर्थिक नीतियां अमेरिका में बैंकिंग क्षेत्र में उत्पन्न समस्याओं का हल नहीं निकाल पा रही हैं। अब तो अमेरिकी अर्थशास्त्री भी मानने लगे हैं कि आर्थिक समस्याओं के संदर्भ में साम्यवाद के बाद पूंजीवाद भी असफल होता दिखाई दे रहा है एवं आज विश्व को एक नए आर्थिक मॉडल की आवश्यकता है। इन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों का स्पष्ट इशारा भारत की ओर है क्योंकि इस बीच भारतीय आर्थिक दर्शन पर आधारित मॉडल भारत में आर्थिक समस्याओं को हल करने में सफल रहा है।

अमेरिका में वर्ष 2023 में 3 बैंक (सिलिकन वैली बैंक, सिगनेचर बैंक, फर्स्ट रिपब्लिक बैंक) डूब गए थे एवं वर्ष 2024 में भी एक बैंक (रिपब्लिक फर्स्ट बैंक) डूब गया है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अमेरिकी केंद्रीय बैंक, यूएस फेडरल रिजर्व, द्वारा ब्याज दरों में की गई वृद्धि के चलते बैंकों के असफल होने की यह परेशानी बहुत बढ़ गई है।

सिलिकन वैली बैंक ने कई तकनीकी स्टार्ट अप एवं उद्यमी पूंजी फर्म को ऋण प्रदान किया था। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 20,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्तियां थी और यह अमेरिका के बड़े आकार के बैंकों में गिना जाता था और हाल ही के समय में डूबने वाले बैंकों में दूसरा सबसे बड़ा बैंक माना जा रहा है। इसी प्रकार, सिगनेचर बैंक ने न्यूयॉर्क कानूनी फर्म एवं अचल सम्पत्ति कम्पनियों को ऋण सुविधाएं प्रदान कर रखी थीं। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 11,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति थी और अमेरिका में हाल ही के समय में डूबने वाले बड़े बैंकों में चौथे स्थान पर आता है। 31 जनवरी 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार, रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की कुल सम्पत्तियां 600 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं जमाराशि 400 करोड़ अमेरिकी डॉलर थीं। न्यू जर्सी, पेनसिल्वेनिया और न्यूयॉर्क में बैंक की 32 शाखाएं थीं जिन्हें अब फुल्टन बैंक की शाखाओं के रूप में जाना जाएगा क्योंकि फुल्टन बैंक ने इस बैंक की सम्पत्तियों एवं जमाराशि को खरीद लिया है।

पीयू रिसर्च संस्थान के अनुसार, चार शताब्दी पूर्व, वर्ष 1980 एवं वर्ष 1995 के बीच अमेरिका में 2,900 बैंक असफल हुए थे। इन बैंकों के पास संयुक्त रूप से 2.2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्ति थी। इसी प्रकार, वर्ष 2007 से वर्ष 2014 के बीच अमेरिका में 500 बैंक, जिनकी कुल सम्पत्ति 95,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर थी, असफल हो गए थे। ऐसा कहा जाता है कि विशेष परिस्थितियों को छोड़कर अमेरिका में सामान्यतः बैंक असफल नहीं होते हैं। परंतु, इस सम्बंध में अमेरिकी रिकार्ड कुछ और ही कहानी कह रहा है। वर्ष 1941 से वर्ष 1979 के बीच, अमेरिका में औसतन 5.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 1996 से वर्ष 2006 के बीच औसतन 4.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं एवं वर्ष 2015 से वर्ष 2022 के

बीच औसतन 3.6 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 2022 में अमेरिकी बैंकों को 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ था। इसके पूर्व, वर्ष 1921 से वर्ष 1929 के बीच अमेरिका में औसतन 635 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। यह अधिकतर छोटे आकार के बैंक एवं ग्रामीण बैंक थे और यह एक ही शाखा वाले बैंक थे। अमेरिका में आई भारी मंदी के दौरान वर्ष 1930 से वर्ष 1933 के बीच 9,000 से अधिक बैंक असफल हुए थे। इनमें कई बड़े आकार के शहरों में कार्यरत बैंक भी शामिल थे और उस समय इन बैंकों में जमाकताओं की भारी भरकम राशि डूब गई थी। वर्ष 1934 से वर्ष 1940 के बीच अमेरिका में औसतन 50.7 बैंक प्रतिवर्ष बंद किए गए थे। अमेरिका में इतनी भारी मात्रा में बैंकों के असफल होने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल है कि वहां छोटे छोटे बैंकों की संख्या बहुत अधिक होना है। बैंकों के ग्राहक बहुत पढ़े लिखे और समझदार हैं। बैंक में आई छोटी से छोटी परेशानी में भी वे बैंक से तुरंत अपनी जमाराशि को निकालने पहुंच जाते हैं, जबकि बैंक द्वारा इस राशि से खड़ी की गई सम्पत्ति को रोकड़ में परिवर्तित करने में कुछ समय लगता है। इस बीच बैंक यदि जमाकर्ता को जमाराशि का भुगतान करने में असफल रहता है तो उसे दिवालिया घोषित कर दिया जाता है और इस प्रकार बैंक असफल हो जाता है। कई बार बैंकों द्वारा किए गए निवेश (सम्पत्ति) की बाजार में कीमत भी कम हो जाती है, इससे भी बैंकें अपने जमाकताओं को जमाराशि का भुगतान करने में असफल हो जाते हैं। अभी हाल ही में अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में लगातार बढ़ौतरी की गई है, जिससे इन बैकों द्वारा अमेरिकी बांड में किये गए निवेश की बाजार में कीमत अत्यधिक कम हो गई है। अब इन बैंकों को बांड में निवेश की बाजार कीमत कम होने के स्तर तक प्रावधान करने को कहा गया है और यह राशि इन बैकों के पास उपलब्ध ही नहीं है, जिसके चलते भी यह बैंक असफल हो रहे हैं। एक सर्वे में यह बताया गया है कि आने वाले समय में अमेरिका में 190 अन्य बैंकों के असफल होने का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि ब्याज दरों के बढ़ने से ऋण की मांग बहुत कम हो गई है। विभिन्न कम्पनियों ने अपने विस्तार की योजनाओं को रोक दिया है, इससे निर्माण की गतिविधियों में कमी आई है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक, फेडरल रिजर्व, का पूरा ध्यान केवल मुद्रा स्फीति को कम करने पर है एवं अमेरिकी अर्थव्यवस्था में विकास दर को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में उत्पादों की मांग कम हो और मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाया जा सके। इसके चलते कई कम्पनियां अपने कर्मचारियों की छंटनी कर रही है एवं देश में युवा वर्ग बेरोजगार हो रहा है।

पूंजीवाद पर आधारित आर्थिक नीतियां अमेरिका में बैंकिंग क्षेत्र में उत्पन्न समस्याओं का हल नहीं निकाल पा रही हैं। अब तो अमेरिकी अर्थशास्त्री भी मानने लगे हैं कि आर्थिक समस्याओं के संदर्भ में साम्यवाद के बाद पूंजीवाद भी असफल होता दिखाई दे रहा है एवं आज विश्व को एक नए आर्थिक मॉडल की आवश्यकता है। इन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों का स्पष्ट इशारा भारत की ओर है क्योंकि इस बीच भारतीय आर्थिक दर्शन पर आधारित मॉडल भारत में आर्थिक समस्याओं को हल करने में सफल रहा है। अमेरिका में बैकों के असफल होने की समस्या मुख्यतः मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में की गई वृद्धि के कारण उत्पन्न हुई हैं। दरअसल, मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उत्पादों की मांग को कम करने के लिए ब्याज दरों में वृद्धि करने के स्थान पर बाजार में उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाई जानी चाहिए ताकि इन उत्पादों की कीमत को कम रखा जा सके। प्राचीन भारत में उत्पादों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाता था, जिसके कारण मुद्रा स्फीति की समस्या भारत में कभी रही ही नहीं है। बल्कि भारत में उत्पादों की प्रचुरता के चलते समय समय पर उत्पादों की कीमतें कम होती रही हैं। ग्रामीण इलाकों की मंडियों में आसपास ग्रामों में निवास करने वाले ग्रामीण व्यापारी एवं उत्पादक अपने उत्पादों को बेचने हेतु एकत्रित होते थे, सायंकाल तक यदि उनके उत्पाद नहीं बिक पाते थे तो वे इन उत्पादों को कम दामों पर बेचना प्रारम्भ कर देते थे ताकि गांव जाने के पूर्व उनके समस्त उत्पाद बिक जाएं एवं उन्हें इन उत्पादों को अपने गांव वापिस नहीं ले जाना पड़े। इस प्रकार भी विभिन्न उत्पादों की भारतीय मंडियों में मांग से अधिक आपूर्ति बनी रहती थी। अतः उत्पादों की कमी के स्थान पर उत्पादों की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता पर ध्यान दिया जाता था, इससे प्राचीन भारतीय ग्रंथों में मुद्रा स्फीति का जिक्र ही नहीं मिलता है। दूसरे, पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में आर्थिक मॉडल एवं नियमों को बहुत जटिल बना दिया गया है। इससे भी कई प्रकार की आर्थिक समस्याएं खड़ी हो रही है जिसका हल विकसित देश नहीं निकाल पा रहे हैं।

संपादकीय

सहभागी और सक्रिय अदालतें

सर्वोच्च न्यायालय ने आपराधिक मामलों की सुनवाई में अदालतों को सहभागिता-सक्रियता का निर्देश दिया है। कहा है कि अदालतें गवाहों, खास कर गुमराह हुए गवाहों, के बयान दर्ज करने वाला टेप-रिकार्डर भर नहीं हैं। दरअसल, यह पैसिवनेस है, जो दोतरफा मार करती है। पहले तो सरकारी वकील ऐसे गवाहों के प्रति ढीले पड़ जाते हैं। वे उससे जरूरी सवाल भी नहीं करते जिनसे कि उसके मुकरने की सटीक वजह मालूम होती। कोई भी आपराधिक मुकदमा गुमराह गवाहों की बदौलत जीता जाता है। इसमें सरकारी वकील, जो अभियोजन पक्ष के होते हैं, वे अपने पैने सवालों से सच उगलवा सकते हैं, पर वे इन सवालों को जानबूझ कर टाल जाते हैं। उनका यह कतराना भी बिका हुआ होता है, जबकि उन्हें सरकार से मोटी पगार मिलती है। इस स्थिति में बदलाव के लिए सरकारी वकीलों के पदों को वकील की राजनीतिक निष्ठा के आधार पर नहीं, उसकी पेशेवर सक्षमता के अनुसार भरा जाना चाहिए। योग्यता और नैतिक निष्ठा सबसे जरूरी आस्पेक्ट है। गलत और अक्षम वकीलों के चयन से मुकदमा जरूरी स्टेज पर कमजोर होने लगता है। दोषी मुकदमा जीत जाता है। पीड़ित को कभी भरोसा ही नहीं होता कि उसकी सुनवाई निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से होगी, उसे अंततः न्याय मिलेगा। यहां सबसे बड़ी क्षति न्यायाधीशों की अ-सक्रियता से होती है, जब वे अपनी भूमिका को गवाहों के बयान दर्ज करने तक सीमित कर अ-सहभागी हो जाते हैं। यह दोहरा घाटा है। इससे न्याय के उस प्राथमिक सिद्धांत का खंडन हो जाता है, जिसे सुलभ कराने के लिए न्यायपालिका का गठन हुआ है। इससे बचने के लिए सर्वोच्च न्यायालय अदालतों से गवाहों से जिरही होने की ताकीद करती है ताकि सच का खुलासा हो सके। मुकदमे पर रोशनी पड़े। पीड़ितों को न्याय मिले। यह बिल्कुल वाजिब ताकीद है। प्रायः देखा गया है कि बड़े से बड़ा कांड, यहां तक कि नरसंहार मामलों में भी गवाहों के मुकरने और अदालतों के जिरही न होने से दोषी छूटते रहे हैं। इससे न्याय व्यवस्था की भारी किरकिरी होती रही है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा निर्देश में इस नासूर हो चुकी स्थिति की एक बुनियादी पड़ताल है। अदालतों को सक्रिय होना है। इस अंदाज में कि अपराध का दूसरा पहलू सामने आ सके क्योंकि ह्यकोई अपराध आखिर में एक व्यक्ति के विरु द्ध ही नहीं, समाज के विरु द्ध भी होता है।ह्न क्या यह न्यायिक सक्रियता का आगाज है? नहीं, इसकी अपनी सीमा है पर यह कई बार न्याय व जन हित में लाजिमी है।

चिंतन-मनन

व्यापारी के बेटे

एक व्यापारी के दो पुत्र थे। मरने से पहले उसने अपनी संपत्ति दोनों बेटों में बराबर-बराबर बांट दी। एक पुत्र ने अपने व्यापार को काफी बढ़ाया। वह अत्यंत संपन्न होकर समाज के प्रतिष्ठत लोगों में गिना जाने लगा। जबकि दूसरे को व्यापार में घाटा हो गया और उसके परिवार को दो जून की रोटी जुटाने में भी अत्यंत तकलीफें उठानी पड़ीं। अपने भाई की तरक्की और अपनी दुर्दशा देखकर दूसरा भाई एक संत के आश्रम में पहुंचा और बोला, महाराज, मुझे लगता है कि ईश्वर केवल कल्पना है और यदि उसका अस्तित्व कहीं है भी तो वह पक्षपाती है। क्या वह भी पक्षपात करता है? मैं और मेरे भाई दोनों एक ही पिता की संतान हैं। पिता ने दोनों को बराबर हिस्सा दिया। लेकिन वह लगातार तरक्की कर रहा है और मैं रसातल की ओर जा रहा हूं। भला ऐसा क्यों?

उसकी बात सुनकर संत उसे अपने साथ एक बगीचे में ले गए और बोले, देखो, वहां एक कोने में गन्ना बोया हुआ है, दूसरे कोने में चिरायता है, एक ओर चमेली के फूल अपनी सुगंध बिखेर रहे हैं तो दूसरी ओर गुलाब के पौधों पर फूलों के साथ कांटे भी नजर आ रहे हैं । इनकी इस भिन्नता के लिए इन्हें पैदा करने वाली जमीन दोषी या पक्षपाती नहीं है। जैसा बीज बोया गया है वैसा ही फल मिला है। सुख-दुख और उन्नति-अवनति के लिए ईश्वर जिम्मेदार नहीं बल्कि स्वयं मनुष्य जिम्मेदार है। उसके कर्म और संस्कार जिम्मेदार हैं। तुम्हारे भाई ने मेहनत और योग्यता से अपने काम को संभाला तो उसकी उन्नति होती गई, इसके विपरीत तुमने आलस्य और भोग-विलास में अपना समय व्यतीत किया तो तुम्हारा धन धीरे-धीरे खत्म होता गया। तुमने मेहनत की ही कब थी जो ईश्वर को दोष दे रहे हो। जैसा कर्म तुमने किया है वैसा ही फल पाया है। ह सुनकर दूसरे पुत्र की आंखें खुल गईं। वह अपनी गलती सुधारने का निश्चय कर वहां से चला आया।

मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें



संजय गोस्वामी

देश में पहला लोकसभा चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से लेकर 21 फरवरी 1952 तक चला था। उस समय पूरे देश में चुनाव कराया एक जटिल प्रक्रिया थी। सबकुल नया भी था। भारत के पहले चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन थे। चुनाव आयोग के पास बड़ी जिम्मेदारी थी। देश का पहला आम चुनाव 68 चरणों में कराया गया था। पहले इलेक्शन कमिशन ने तय किया था कि वोटिंग 1952 के फरवरी और मार्च महीने में होगी। लेकिन हिमाचल प्रदेश की चिनी तहसील के लोगों को अक्टूबर 1951 में ही मौका मिल गया, क्योंकि सर्दियों में बर्फबारी के चलते यह इलाका बाकी जगहों से कट जाता है। देश के पहले लोकसभा चुनाव में 401 निर्वाचन क्षेत्रों की कुल 489 सीटों के लिए मतदान हुआ था। तब बैलेट पेपर पर चुनाव हुआ करता था।संविधान हमें वोट देने का अधिकार देता है, जो एक मौलिक अधिकार है जिसका प्रयोग भारत के सभी नागरिकों को करना चाहिए। मतदान प्रतिशत में गिरावट को रोकने के लिए वर्तमान राजनीतिक रुझानों और प्रणालियों में आमूल-चूल परिवर्तन की आवश्यकता है। मतदान करते समय सतर्क रहना और सोच-समझकर निर्णय लेना महत्वपूर्ण है। हाल के चुनावों के नतीजों में मतदाता मतदान में कमी देखी गई है, जिससे यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक बदलावों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है कि मतदाताओं को सरकार में एक सच्चा प्रतिनिधि मिले। भारत में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होकर और 1 एक जून तक वोटिंग होगी। सात फेज में इलेक्शन होंगे और 4 जून को नतीजे आएंगे। लेकिन ये बात भी गौर करने वाली है कि इस बार लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया 44 दिनों में पूरी होगी जो 1951-52 के पहले ससंदीय चुनाव के बाद मतदान की सबसे लंबी अवधि होगी। बता दें कि पहले चुनाव में वोटिंग 4 महीने से अधिक समय तक चली थी। इस बार निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा से लेकर मतगणना होने तक तक चुनाव प्रक्रिया कुल 82 दिनों में पूरी होगी। मतदान न केवल एक अधिकार है बल्कि एक कर्तव्य भी है जो हमारे देश के भविष्य को आकार देने में मदद करता है। इसमें सरकारों को बदलने, देश को बेहतर बनाने और सामाजिक परिवर्तन लाने की शक्ति है। मतदान करके, हम उन प्रतिनिधियों को चुनते हैं जो हमारे देश पर शासन करते हैं, इसलिए हमारे देश के विकास के लिए सभी नागरिकों के लिए इस प्रक्रिया में भाग लेना महत्वपूर्ण है। मतदान हमें उस प्रकार की सरकार में अपनी बात कहने का अधिकार देता है जो हम चाहते हैं और देश की प्रगति में योगदान करते हैं। यह हमें महिलाओं, बच्चों और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के अधिकारों की वकालत करने में भी सक्षम बनाता है। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान छात्रों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में शिक्षित करते हैं। सभी के लिए जरूरी है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें और देश के विकास में अपना योगदान दें।

'राहुल गांधी, आसान नहीं रायबरेली की डगर...!'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ पाने की हिम्मत के बाद आखिर परम्परागत रायबरेली से नामांकन दाखिल कर दिया। यह बात सही है कि राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने के बाद कांग्रेस राजनीति में कोई ठोस सन्देश देने में सफल नहीं हो रही थी, जिसके कारण कांग्रेस के कई नेता अमेठी के बारे में बोलने से किनारा करने लगे थे। अब राहुल गांधी अपने दादा फिरोज खान, दादी इंदिरा गांधी और मां सोनिया गांधी की विरासत को बचाने के लिए मैदान में आ गए हैं। यहां सवाल यह नहीं हैं कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस ने रायबरेली को क्यों चुना, बल्कि सवाल यह है कि राहुल गांधी ने अमेठी को क्यों छोड़ा।

क्या वास्तव में राहुल गांधी को फिर से अपनी पराजय का डर लगने लगा था? अगर यह सही है तो फिर ऐसा क्यों है कि राहुल गांधी हर बार अपने लिए सुरक्षित स्थान की तलाश क्यों करते हैं। उल्लेखनीय है कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी में अपनी जमीन खिसकती दिखाई दी, तब उन्होंने एकदम सुरक्षित लगने वाली सीट केरल की वायनाड को चुना। वहां से चुनाव जीते जरूर, लेकिन अमेठी की हार कांग्रेस परिवार की हार थी, जिसे कांग्रेस आज तक भुला नहीं पाई है। ऐसे में कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ाना खतरे से खाली नहीं था।

कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के नामांकन जमा करने के समय जिस प्रकार से बड़े नेताओं का जमघट लगा, वह भले ही जनता में प्रभाव डालने के लिए किया हो, लेकिन इससे यह भी राजनीतिक सन्देश सुनाई दे रहा है कि अब रायबरेली की सीट भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। यह इसलिए भी कहा जा सकता है कि वहां लगभग सभी बड़े नेता उपस्थित हुए। यहां तक कि प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रोबर्ट वाड्रा भी कांग्रेस के विरासती राजनेता के तौर पर उपस्थित हुए।

ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि एक ही परिवार के चार व्यक्तियों को कांग्रेस के बड़े नेताओं के रूप में प्रचारित करना निसंदेह कांग्रेस पर परिवारवादी होने को ही प्रमाणित करता है। जिस परिवारवाद के आरोप के कारण कांग्रेस असहज हो जाती है, आज कांग्रेस ने फिर से उसी रास्ते पर कदम बढ़ाने को अपनी नियति मान लिया है। हालांकि कांग्रेस ने आनन-फानन में राहुल गांधी को रायबरेली से उम्मीदवार बनाकर यह तो सन्देश दिया ही है कि भारत में रायबरेली ही राहुल गांधी के लिए सबसे सुरक्षित लोकसभा सीट है। यहां कांग्रेस का परम्परागत मतदाता है, वहीं यह क्षेत्र नेहरू-गांधी परिवार की विरासत भी है।

कहा जाता है कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति अगर अपनी विरासत को विस्मृत कर देता है, तो उसे नए सिरे से अपनी जमीन तैयार करनी पड़ती है। और अगर विरासत के आधार पर अपने कदम बढ़ाता है तो उसकी आधी राह आसान हो जाती है। राहुल गांधी के सामने तमाम सवाल होने के बाद भी ऐसा लगता है कि उन्होंने अपनी आधी बाधा को पार कर लिया है। रायबरेली को कांग्रेस का गढ़ इसलिए भी माना जाता है कि क्योंकि यहां से इंदिरा गांधी के पति फिरोज खान दो बार सांसद रहे, उसके बाद इंदिरा गांधी भी सांसद रहीं। अब पिछले पांच बार से सोनिया गांधी लोकसभा का चुनाव जीती हैं।

मजेदार बात यह भी है कि वर्ष 1977 के आम चुनाव में जनता लहर में इंदिरा गांधी को भी पराजय का दंश भोगना पड़ा। उसके बाद एक बार भाजपा ने भी परचम लहराया है। इसलिए यह कहा जाना कि रायबरेली में कांग्रेस आसानी से विजय प्राप्त करेगी, कठिन ही है। आज कांग्रेस की स्थिति देखकर यह भी कहने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि आज की कांग्रेस के पास इंदिरा गांधी जैसा नेता नहीं है। जब इंदिरा गांधी चुनाव हार सकती हैं, तब आज तो कांग्रेस की स्थिति बहुत कमजोर है। ऐसा तो तब हुआ, जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं था, इसलिए कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अच्छी खासी जीत हासिल करती थी। लेकिन अब उत्तर प्रदेश का राजनीतिक परिदृश्य बदला हुआ है। अब कांग्रेस के पास पहले जैसा वोट बैंक भी नहीं है, हालांकि इस चुनाव में सपा का समर्थन कांग्रेस के पास है, इसलिए चुनाव में सपा के कार्यकर्ता भी राहुल का प्रचार करेंगे, ऐसे में निश्चित ही कांग्रेस का वजूद बढ़ेगा ही, यह तय है, लेकिन कितना बढ़ेगा, यह कहने में जल्दबाजी ही होगी।

वर्तमान में कांग्रेस के लिए यह पेचीदा सवाल ही था कि कांग्रेस की ओर से अमेठी और रायबरेली से किसको उम्मीदवार घोषित किया जाए, क्योंकि इन दोनों सीटों पर प्रथम तो गांधी परिवार का पुख्ता दावा बनता था। इसलिए दोनों क्षेत्रों में से किसी एक से प्रियंका वाड्रा को चुनाव मैदान में उतारने की कवायद भी की जा रही थी, लेकिन प्रियंका को इस बार चुनाव लड़ने से दूर कर दिया। लेकिन सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या राहुल गांधी के रायबरेली से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद कांग्रेस अमेठी के चुनाव को गंभीरता से लेगी, क्योंकि अब कांग्रेस का पूरा जोर राहुल गांधी को जिताने में लगेगा।

राहुल गांधी को जिताना कांग्रेस की मजबूरी है, क्योंकि अब राहुल गांधी ही नहीं, पूरी कांग्रेस की साख दांव पर लगी है। अगर कांग्रेस रायबरेली से चुनाव हारती है तो देश में कांग्रेस के बारे में गलत सन्देश जाएगा। यहां पर एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी आ रहा है कि राहुल गांधी द्वारा पिछले चुनाव में भी दो स्थानों से चुनाव लड़े थे, जिसमें अमेठी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अब वायनाड से उम्मीदवारी के बाद रायबरेली की रुख करके फिर से संदेह को जन्म दिया है। ऐसा लग रहा है कि इस बार वायनाड का चुनाव बहुत ही टक्कर का माना जा रहा है। कुछ खबरें तो राहुल गांधी के हारने तक की बात कह रही हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि इसलिए ही राहुल गांधी को फिर से दो स्थानों से चुनाव लड़ाया जा रहा है। राहुल गांधी का उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ना कोई नया नहीं है, वे अमेठी से भी चुनाव लड़ चुके हैं। इसलिए उनके नाम का जादू कोई नया प्रभाव छोड़ेगा, यह पूरी तरह विश्वास के साथ नहीं कहा जा सकता।

– सुरेश हिंदुस्तानी (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Taking on mighty Jewish lobby in US

THE course of Israel's nearly seven-month-old war on Gaza is not the reason for the protests that are now convulsing campuses in the US. It is only a symptom, not the disease. The disease is the stranglehold that Israel and the near-omnipotent Jewish lobby in the US have systematically developed and put on almost every important aspect of American life over many decades. Young Americans finally want to break free from the vice-like grip of the Jewish lobby, which makes a mockery of the choices and freedom that they are taught in schools to be embedded in the soul of the US.For Indian readers to understand this state of affairs, take the case of Arun Gandhi, grandson of the Father of the Nation. He moved to the US in 1987 to do research at the University of Mississippi. In 2001, he founded the MK Gandhi Institute for Nonviolence, initially at a university in Memphis, Tennessee, where Martin Luther King Jr was assassinated. The institute later shifted when the University of Rochester in New York State offered to house it on its campus. In 2008, Gandhi wrote an article in the 'On Faith' section of The Washington Post, in which he perspicaciously foretold some of what is now going on in Israel. The American-Jewish lobby was unforgiving. It got the University of Rochester to extract Gandhi's resignation from the institute he founded. Hundreds of Jews, mostly American, trolled him on The Washington Post website, where the moderators of the 'On Faith' section had to grovel and apologise to save their own skin and close the matter. Gandhi never wrote for this newspaper again. Other US newspapers attacked Gandhi in a media trial clearly influenced by the Jewish lobby. He profusely apologised for his initial post, but the American Jewish Committee said his apologies were inadequate. The redoubtable committee called his views 'reprehensible', as if he were a neo-Nazi, though he had only written a fraction of what today's campus protesters are saying about Israel.

The end result was that Gandhi's career in the US was finished. For successive years, he had been feted in state Capitols, at the iconic John F Kennedy Library and Museum in Boston, and became associated with the Parliament of the World's Religions, first held in Chicago in 1893, when it was addressed by Swami Vivekananda. But once the American Jews turned on Gandhi, no one in the US could stand up to their lobby. After several attempts to salvage his legacy, he returned to India and died a broken man in Kolhapur last year.

